सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी., डमी
संपर्क करें फ्रेंड्स कलेक्शन
जवाहर मार्केट 930144443



वर्ष- 15 अंक - 170 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 4 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### कांग्रेस को एक और झटका, अब गौरव वल्लभ ने दिया इस्तीफा, कहा-अपराध का भागी नहीं बनना चाहता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता गौरव वल्लभ ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज जिस प्रकार से दिशाहीन होकर आगे बढ़ रही है,उसमें मैं खुद को सहज महसूस नहीं कर पा रहा। मैं न तो सनातन विरोधी नारे लगा सकता हूं और न ही सुबह-शाम देश के वेल्थ क्रिएटर्स को गाली दे सकता। इसलिए मैं कांग्रेस पार्टी के सभी पदों व प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में वल्लभ ने लिखा, 'नमस्कार! भावुक हूं। मन व्यथित है। काफी कुछ कहना चाहता हूं। लिखना चाहता हूं। बताना चाहता हूं, लेकिन मेरे संस्कार ऐसा कुछ भी कहने से मना करते हैं, जिससे दूसरों को कष्ट पहुंचे। फिर भी मैं आज अपनी बातों को आपके समक्ष रख रहा हूं, क्योंकि मुझे लगता है कि सच को छिपाना भी अपराध है और मैं अपराध का भागी नहीं बनना चाहता।

गौरव वल्लभ ने आगे लिखा, 'महोदय, मैं वित्त का प्रोफेसर हूं। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता हासिल करने के बाद पार्टी ने राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया। कई मुद्दों पर पार्टी का पक्ष दमदार तरीके से देश की महान जनता के समक्ष रखा, लेकिन पिछले कुछ दिनों से पार्टी के स्टैंड से असहज महसूस कर रहा हूं। जब मैंने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन किया तब मेरा मानना था कि कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है, जहां पर युवा, बौद्धिक लोगों की, उनके आइडिया की कद्र होती है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मुझे यह महसूस हुआ कि पार्टी का मौजूदा स्वरूप नए आइडिया वाले युवाओं के साथ खुद को एडजस्ट नहीं कर पाता। पार्टी का ग्राउंड लेवल कनेक्ट पूरी तरह से टूट चुका है, जो नए भारत की आकांक्षा को बिल्कुल भी नहीं समझ पा रही है। जिसके कारण न तो पार्टी सत्ता में आ पा रही और न ही मजबूत विपक्ष की भूमिका ही निभा पा रही हैं।

## चरणदास महंत के विवादित बयान पर

# गरमाई छत्तीसगढ़ की राजनीति

### भाजपा ने जारी किया पोस्टर : सीएम साय बोले- मैं भी मोदी का परिवार हैं, पहले डंडा मुझे मारो

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा में छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर अपशब्द कहें। इसे लेकर अब प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस नेता डॉ. चरणदास महंत के प्रधानमंत्री मोदी को लेकर दिए गए विवादित बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि मैं भी मोदी का परिवार हूं और पहले डंडा मुझे मारो। भाजपा ने पोस्टर जारी कर कहा कि हम भी मोदी का परिवार हैं, पहले हमें लाठी मारकर दिखाए। यही नहीं मैं भी मोदी का परिवार सोशल मीडिया में भी ट्रेंड कर रहा है ओर लोग चरणदास महंत के बयान की तिखी आलोचना कर रहे हैं।

चरणदास महंत के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए सीएम साय ने कहा कि हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। पहले भी प्रधानमंत्री पर कई तरह से गाली दी गई है। देश का चौकीदार चोर है, मौत का सौदागर कहा गया, इसका खामियाजा कांग्रेस पार्टी को भुगतना पड़ा है। मैं कहता हूं कि मैं भी मोदी का परिवार हूं और पहले डंडा मुझे मारो। छत्तीसगढ़ की जनता इस बात को बिलकुल बर्दाश्त नहीं करने वाली है। छत्तीसगढ़ का एक

भी सीट कांग्रेस को नहीं लेने देंगे, पूरी 11 की 11 सीट बीजेपी को मिलेगी।

#### दिग्गज नेताओं ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

बता दें कि चरणदास महंत के विवादित बयान से भाजपा आक्रोशित है। इस मामले को लेकर भाजपा के सभी दिग्गज नेता कड़ी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा- मैं हूं मोदी का परिवार पहली लाठी मुझे मारो। महंत के बयान की घोर निंदा करता हूं। मोदी पर जब जब ऐसे बयान दिए गए उनका व्यक्तित्व और निखर कर आया है। छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस को सबक सिखाएगी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नवीन और सभी भाजपाई नेताओं ने महंत के बयान का कड़ा विरोध किया है। यही नहीं प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में बीजेपी प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग पहुंचकर इस मामले में शिकायत दर्ज करवाई है।

#### मैं हूँ मोदी का परिवार, पहली लाठी मुझे मार

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के नेता चरण दास महंत ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध लाठी मारने जैसे अपशब्द कहकर अपनी विचारधारा स्पष्ट कर दी है। जब-जब कांग्रेस ने देशवासियों के नेता मोदी जी को अपशब्द कहें हैं तब-तब इस देश की जनता ने उन्हें जवाब दिया है, अब छत्तीसगढ़ की जनता आगामी चुनाव में कांग्रेस मुक्त प्रदेश बनाकर इस बयान का जवाब देगी।

### महंत की सफाई, कहा- छत्तीसगढ़ी नहीं समझने वाले कर रहे गलत प्रचार

सिर फोड़ने वाले बयान पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में दिए गए मेरे बयान को तोड़-मरोडकर प्रचारित-प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि, उन्हें छत्तीसगढ़ की रीति-नीति व संस्कृति का शायद ज्ञान नहीं है, इसलिए उनके सहज व विशुद्ध छत्तीसगढिया वाक्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। डॉ. महंत ने कहा है कि, मैं विशुद्ध रूप से छत्तीसगढिया संस्कृति में रचा-बसा हूं। छत्तीसगढ़ की भाषा शैली का उपयोग करते समय बीच-बीच में निर्धारित प्रयोग लक्षणा-व्यंजना में आने वाले शब्दों के साथ बात करता हूं। छत्तीसगढियों में एक प्रचलित वाक्य जैसे-लउठी धर के दउड़ा न., मार न टूरा ला.. जैसे कई वाक्य सहज रूप से उपयोग में लाए जाते हैं, लेकिन जो लोग छत्तीसगढ़ की रीति-नीति, भाषा संस्कृति को नहीं समझते, ऐसे मीडिया प्रतिनिधियों के द्वारा गलत ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है। डॉ. महंत ने कहा कि, मुझे प्रधानमंत्री के पद, संसदीय परंपरा और गरिमा का पूरा ज्ञान है। मैं स्वयं 4 बार सांसद, 5 बार विधायक रहा और स्पीकर के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष होने के नाते संवैधानिक गरिमा का भी ख्याल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कई बार व्यक्तिगत मुलाकातें हुई हैं और वे मुझे भी व्यक्तिगत तौर पर जानते हैं। ऐसे व्यक्ति जो केवल भाजपा के नहीं बल्कि हर दल के लिए प्रधानमंत्री हैं, उन पर गलत टिप्पणी तो करने का सवाल ही नहीं उठता।

### विधायक रिकेश बोले- सेन समाज नहीं काटेगा महंत के बाल

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉक्टर चरण दास महंत द्वारा पीएम मोदी के लिए लाठी मारने, सिर फोड़ने और चीन भेजने जैसे बयान की कड़ी निन्दा करते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मोदीजी को कांग्रेसियों ने जितनी बार अपशब्द कहे हैं चुनाव परिणाम में पूरी कांग्रेस को मुंह के बल पटखनी मिली है। इनके बेतुके बयान से जन जन के ह्रदय में बसने वाले नरेंद्र मोदी की ख्याति और उन पर विश्वास और भी गहरा हुआ है। मोदीजी पर ऐसी टिप्पणी को बेतुका बताते हुए विधायक रिकेश सेन जो कि छत्तीसगढ़ सेन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं ने नाई समाज द्वारा चरणदास महंत की राज्य भर में किसी नाई द्वारा दाढ़ी नहीं बनाने और बाल नहीं काटने का ऐलान कर दिया है। नाई समाज से विधायक बने रिकेश सेन के आह्वान पर प्रदेश भर के नाई समाज ने कांग्रेसी नेता चरणदास महंत की दाढ़ी बनाने और बाल काटने से इंकार कर दिया है। अब देखना यह है कि डाक्टर चरणदास अपने इस बयान पर नाई समाज और मोदीजी से सार्वजनिक माफी मांगते हैं या बाल-दाढ़ी बढ़ा कर नाई समाज के बहिष्कारी बने रहना चाहते हैं।

# अलर्टः गर्म हवाओं की चपेट में आने वालों की हर जिले में होगी निगरानी, केन्द्र ने राज्यों के लिए जारी किए निर्देश

### चुनाव प्रचार में व्यस्त नेता और कार्यकर्ता बार-बार पीते रहें पानी

लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सलाह दी है कि चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ता और प्रत्याशी तेज गर्मी और लू से अपना बचाव करें। बैठक के बाद मांडविया ने कहा कि इस वर्ष मौसम विभाग ने अत्यधिक लू और गर्मी का पूर्वानुमान लगाया है। इसी अवधि में लोकसभा चुनाव भी है। ऐसे में चुनाव प्रचार में व्यस्त सभी प्रत्याशी व कार्यकर्ता बार-बार पानी का सेवन करते रहें। साथ ही जूस का सेवन भी कर सकते हैं जो शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाव करेगा और हीट स्ट्रोक के जोखिम को भी कम करेगा।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस वर्ष अत्यधिक गर्मी और लू के पूर्वानुमान को लेकर सरकार ने हर जिले में निगरानी करने का फैसला लिया है। साथ ही सभी गांवों में लू से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में बुधवार को गर्मी से संबंधित बीमारियों के प्रबंधन को लेकर उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि गर्मी और लू की वजह से आने वाले मामले और मौतों का एक डाटा केंद्रीय स्तर पर तैयार होगा। जिलों और राज्यों से प्राप्त इस डाटा के जरिये यह देखा जाएगा कि देश के किन-किन इलाकों में गर्मी जानलेवा बनी हुई है। इन इलाकों में केंद्र सरकार की ओर से विशेषज्ञों की टीमें सहायता के लिए भेजी जाएंगी।

केंद्र ने राज्यों से कहा कि गर्मी को लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दी जाएं, ताकि समय रहते लोगों का बचाव किया जा सके। राज्यों को आवश्यक दवाएं, तरल पदार्थ, आइस पैक, ओआरएस, पीने के पानी के साथ-साथ जनता के लिए आईईसी गतिविधि को लेकर सभी तरह की समीक्षाएं करने के लिए भी कहा है। मांडविया ने कहा कि लोगों में जागरूकता के लिए लगातार प्रयास होने चाहिए। उन्होंने राज्यों से मौसम विभाग के अलर्ट मिलते ही समय पर कार्यवाही करने के लिए भी कहा है।

#### आठ के बजाय अब 12 दिन झेलने पड़ रहे लू के थपेड़े

1979 से 1983 तक दुनियाभर में लू के थपेड़े औसतन आठ दिनों तक चलते थे, लेकिन 2016 से 2020 तक ये 12 दिनों तक बढ़ गए। साइंस एडवांसेज में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के कारण दुनियाभर में लू की घटनाएं धीमी होकर बड़े इलाकों में भारी तापमान के साथ अधिक लोगों को लंबे समय तक झुलसा रही हैं। 1979 के बाद लू 20 फीसदी धीमी गति से चल रही है। इसका आशय यह है कि अधिक लोग लंबे समय तक लू की चपेट में आ रहे हैं और ऐसा 67 फीसदी अधिक बार हो रहा है। लू के दौरान भीषण तापमान 40 साल पहले की तुलना में अधिक है और गर्मी का क्षेत्र भी बढ़ गया है। लू पहले से भी खतरनाक और व्यापक हो चुकी है। अध्ययन के दौरान न केवल तापमान और क्षेत्र, बल्कि भारी गर्मी कितने समय तक रहती है और यह महाद्वीपों में कैसे फैलती है, इस पर भी गौर किया गया है।

#### जलवायु परिवर्तन से बिगड़ रहे हालात

जलवायु परिवर्तन लू को कई मायनों में और भी खतरनाक बना देता है। ठीक उसी तरह जैसे ओवन में जितनी अधिक देर तक गर्मी रहती है उतनी ही अधिक चीजें पकती हैं। लू के मामले में इसकी तुलना यहां लोगों से की जा सकती है। धीमी गति से चलती हुई लू की व्यापकता साल दर साल बढ़ती जाएगी।

# प्रियंका संभालेंगी मां सोनिया की विरासत

### भाजपा इन स्थानीय नेताओं पर लगा सकती है दांव

**रायबरेली (एजेंसी)।** गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा को चुनावी समर में उतारने की मांग तेज हो गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार हाईकमान से प्रियंका को चुनाव लड़ाने की हरी झंडी भी मिल चुकी है। सिर्फ औपचारिक घोषणा बाकी है। इस संकेत के बाद कांग्रेसी अंदर ही अंदर खुश हैं।

उत्तर प्रदेश की इकलौती सीट को किसी भी हाल में कांग्रेस गंवाने के मूड में नहीं है। सोनिया के राज्यसभा में जाने के बाद यह सीट खाली है। हमेशा सबसे पहले प्रत्याशी मैदान में उतारने वाली कांग्रेस अबकी चुप्पी साधे है। ग्राउंड रिपोर्ट की सच मानें तो लोगों में यही चर्चा है कि गांधी परिवार से प्रत्याशी उतरने के बाद ही कांग्रेस इस सीट को बचा सकती है। प्रियंका के मैदान में आने से प्रदेश में कांग्रेस की निश्चित ही संजीवनी मिलेगी, लेकिन भाजपा से प्रत्याशी घोषित नहीं होना कहीं न कहीं कांग्रेस को अखर रहा है।

#### पांच साल बनाए रखी दूरी, अब मनाना चुनौती

वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव जीतने के बाद रायबरेली के लोगों से दूरी बनाए

रखना गांधी परिवार को अब मुश्किल में डाल सकती है। बीते पांच वर्षों में सोनिया गांधी का कई बार कार्यक्रम आया, लेकिन फिर निरस्त भी हो गया।

#### प्रियंका आई तो भाजपा लगा सकती है स्थानीय पर दांव

रायबरेली संसदीय सीट पर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी तय करने के लिए एक दूसरे का मुंह देख रहे हैं। लोगों में चर्चा है कि यदि प्रियंका चुनाव में उतरती हैं तो भाजपा स्थानीय प्रत्याशी पर दांव लगा सकती है। दिनेश प्रताप सिंह पिछला चुनाव लड़ चुके हैं और विधायक डॉ. मनोज पांडेय भाजपा के लिए मजबूत स्तंभ बन गए हैं। हालांकि दोनों पार्टियों से प्रत्याशी का इंतजार है।

## हथेली की रेखाओं में मंदिर का अक्स

श्रीकंचनपथ

राधेलाल को जनरल बोगी में यात्रा करना पसंद था। इसकी एक खास वजह भी थी। एक दूसरे से सटकर बैठे लोग थोड़ी ही देर में मित्र बन जाते थे। बातों-बातों में सफर गुजर जाता था। यात्रा के दौरान एसी, कंबल और तकिया की जरूरत कभी महसूस नहीं हुई। भांति-भांति के लोग मिलते थे। दूर-दराज के स्थानों की मौलिक जानकारी मिल जाती थी। अलग-अलग प्रांतों के तीज-त्यौहार, पहनाना-ओढ़ावा और खान-पान से परिचय हो जाता था। राधेलाल का एक खास शौक था जो उसे सहयात्रियों के बीच लोकप्रिय बनाता था। उसे हाथ देखना आता था। वैसे उसका ज्ञान कितना पुख्ता था, कहना मुश्किल है। जिन सहयात्रियों का वह हाथ देखता था, वो थोड़ी ही देर में बिछुड़ने वाले होते थे। भविष्यवाणी सच हुई या नहीं, इसका पता लगाने की कभी नौबत नहीं आई। ऐसा ही बाबाओं के साथ भी होता है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। बाबा सभी को आशीर्वाद देते हैं। महीने में चार-छह को भी आशीर्वाद फल गया तो धंधा चल पड़ता है। जिसे आशीर्वाद का लाभ होता है वह फिर-फिर लौट कर आता है। धीरे-धीरे भीड़ में ऐसे लोगों की संख्या बढ़ती चली जाती है जिन्हें बाबा के आशीर्वाद का सुफल मिला हो। बाबा हिट हो जाते हैं, मामला फिट हो जाता है। राधेलाल बताता कि हाथ की रेखाओं में जीवन रेखा और संतान सुख के अलावा उसे कुछ चिन्हों की पहचान थी। इन्हीं में से एक चिन्ह था मंदिर का। जिनके हाथ में यह चिन्ह होता है वे धर्म के रास्ते पर चलते हैं, मंदिर बनवाते हैं। इन्हीं मंदिरों से फिर उसे आय भी होती है और गृहस्थी की गाड़ी भली-प्रकार चल पड़ती है। हथेली पर मंदिर का रेखा चित्र एक चौकोर होता है जिसके ऊपर एक त्रिभुजाकार छत होती है। किसी-किसी की हथेली पर इसके ऊपर एक झंडा भी बना होता है। यदि ऐसे लोग मंदिर बनवाते हैं तो अच्छा-खासा जनसहयोग मिलता है। मंदिर के साथ ही अपना घर और आय का जरिया भी बन जाता है। यही राधेश्याम एक दिन फटे हाल मिला। पूछने पर बताया कि कालोनी की राशन की दुकान अब चलती नहीं। कालोनी से सटकर एक मॉल और दो-दो मार्ट खुल गए हैं। लोग राशन से लेकर बालों में लगाया जाने वाला क्लचर तक वहीं से खरीद लाते हैं। दुकान में ग्राहकी कम हुई तो उसने रियल एस्टेट का काम शुरू किया। पर इस धंधे के मगरमच्छ जल्द ही उसे निगल गए। कालोनी के कोने में थोड़ी सी जमीन खाली पड़ी थी। अब उसपर मंदिर बनवा रहा है। कालोनी वालों से चंदा लिया, फिर ठेकेदारों से ईंट, रेत, गिट्टी का सहयोग ले लिया। सीमेंट और सरिया देने वाला कोई मिल जाए तो मंदिर का काम शुरू हो जाएगा। उसे लगता है कि आजादी के बाद की सरकारों ने यदि कल-कारखानों, शिक्षण संस्थानों, बांध परियोजनाओं की बजाय मंदिरों पर फोकस किया होता तो आज उनकी ऐसी दुर्दशा नहीं होती।

## संपादकीय

# दवाओं की गुणवत्ता

> स्वामी रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ दायर भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जो कुछ कहा है, उसके गहरे निहितार्थ हैं और इसे व्यक्ति या संस्थान विशेष के मामले के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने दोटूक कहा है कि 'न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट, बल्कि देश के किसी भी न्यायालय ने यदि कोई आदेश पारित किया है, तो उसका अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए।'

अदालत ने अपनी टिप्पणियों में एक बार फिर जता दिया है कि कोई कितना भी रसूखदार क्यों न हो, कानून की महिमा सबसे ऊपर है! निस्संदेह, भारतीय न्यायपालिका की दुनिया भर में साख है और यह प्रतिष्ठा उसने एक-दो महीने या साल में नहीं अर्जित की है, यह इंसाफ के प्रति उसकी दशकों की प्रतिबद्धता का फलितार्थ है। ऐसे में, सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में अपने आदेश की नाफरमानी को उचित ही गंभीरता से लिया है। स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण की शीर्ष अदालत में सशरीर उपस्थिति और उनके माफीनामे पर अदालत की प्रतिकूल टिप्पणी इस बात की तस्दीक करती है। अदालत ने अगली सुनवाई में भी इन दोनों को उपस्थित रहने का आदेश दिया है।

दरअसल, भ्रामक विज्ञापनों का पूरा मसला ही अपने आप में एक बड़ा मामला है, खासकर दवाओं के मामले में इसके परिणामों की प्रकृति इसे और गंभीर बना देती है। ऐसे में, अदालत ने केंद्र व राज्य सरकारों के रवैये पर जो टिप्पणी की है, वह भी सत्ता-प्रतिष्ठानों को आईना दिखाने के लिए काफी है। विडंबना यह है कि जिस आईएमए ने पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन और इसके ऊंचे ओहदेदारों के बड़बोलेपन के खिलाफ अदालत की शरण ली है, वह अपने पेशेवरों के आचरण की निगरानी का कोई अचूक तंत्र अब तक विकसित नहीं कर पाया है! सोशल मीडिया में हर कुछ दिन पर चिकित्सकों की लापरवाही या मरीजों से मार-पीट के वीडियो वायरल होते रहते हैं। आईएमए कितनों के खिलाफ कार्रवाई करता है? आईएमए को इस पहलू पर भी चिंता करनी चाहिए।

इसमें कोई दोराय नहीं कि हमारे देश में आयुर्वेद की बेहद समृद्ध चिकित्सा पद्धति है और करोड़ों लोग इस प्रणाली से लाभान्वित भी हुए हैं। इस बात से आधुनिक चिकित्सा पद्धति (एलोपैथी) या आईएमए का कोई झगड़ा या विरोध भी नहीं है, परेशानी प्रामाणिकता की कसौटी पर खरी आधुनिक चिकित्सा पद्धति को निराधार चुनौती देने और लोगों को गुमराह करने को लेकर है। इन दोनों पद्धतियों के पेशेवरों और दवाओं का अंतिम उद्देश्य मरीजों को स्वस्थ करना है। मगर दुर्योग से दोनों पद्धतियों में कुछ लोभी कारोबारी नकली दवाओं के जरिये बेबस लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते हैं। अभी कितने दिन हुए होंगे, जब कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की नकली एलोपैथिक दवाओं की फैक्टरियां गाजियाबाद से हैदराबाद तक पकड़ी गईं? अभी तीन दिन पहले ही उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 से अधिक नकली या मिलावटी आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई है। समय आ गया है, आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण से जुड़ी कंपनियों की दवा परीक्षण-प्रणाली की ठोस निगरानी सुनिश्चित की जाए। सत्यापित दवाओं के विज्ञापन से किसी को क्या गुरेज हो सकता है? इससे न सिर्फ आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली की प्रतिष्ठा दुनिया भर में बढ़ेगी, बल्कि निरीह मरीजों को किसी छलावे का शिकार बनने से भी बचाया जा सकेगा।

# आरबीआई की एमपीसी बैठक और यथास्थिति से परे

भारतीय रिजर्व बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 2024-25 की पहली बैठक अनुकूल आर्थिक माहौल में होने जा रही है। सोमवार को जारी किए गए आंकड़े दर्शाते हैं कि मार्च में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह, रिफंड के बिना सालाना आधार पर 18.4 फीसदी बढ़ा।

वर्ष का अंत जीएसटी संग्रह में 13.4 फीसदी इजाफे के साथ हुआ। समग्र कर संग्रह के ताजा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार देखें तो सरकार राजकोषीय घाटे को 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद के 5.8 फीसदी तक रखने के संशोधित आंकड़े को हासिल कर लेगी। सरकार ने मध्यम अवधि में राजकोषीय मार्ग पर टिके रहने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है जिससे रिजर्व बैंक को आश्वस्ति मिलनी चाहिए। अधिक व्यापक तौर पर देखें तो अब सरकार को उम्मीद है कि मार्च तिमाही में वृद्धि दर 8 फीसदी रहेगी जो 2023-24 की पूरे वर्ष की 8 फीसदी की वृद्धि को बल देगी। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर भी हालात में सुधार हो रहा है। हेडलाइन खुदरा मुद्रास्फीति अभी भी 5 फीसदी के स्तर से कुछ ऊपर है, कोर मुद्रास्फीति 4 फीसदी के लक्ष्य से कम है जिससे केंद्रीय बैंक को राहत मिलनी चाहिए। मौद्रिक नीति समिति के ताजा अनुमानों के मुताबिक हेडलाइन मुद्रास्फीति की दर चालू वित्त वर्ष में औसतन 4.5 फीसदी रह सकती है। कोर मुद्रास्फीति जहां चार फीसदी से नीचे हैं, वहीं हेडलाइन दर को लक्ष्य से ऊपर रखने में खाद्य मुद्रास्फीति का बहुत अधिक योगदान है।

फरवरी में खाद्य मुद्रास्फीति 8.66 फीसदी थी। ध्यान देने की बात है कि खाद्य मुद्रास्फीति ऊपरी स्तर पर है और ऐसा सरकार के सक्रिय हस्तक्षेप के बावजूद है। केंद्र सरकार ने कई खाद्य वस्तुओं के निर्यात और भंडारण सीमा पर अंकुश लगाया है। उदाहरण के लिए गत सप्ताह सरकार ने कारोबारियों, खाद्य प्रसंस्करण करने वालों तथा प्रमुख खुदरा कारोबारियों से कहा कि वे हर शुक्रवार को गेहूं के अपने भंडार की जानकारी दें क्योंकि 31 मार्च को स्टॉक होल्डिंग सीमा समाप्त हो गई। व्यापार और स्टॉक होल्डिंग पर प्रतिबंध अल्पावधि में मुद्रास्फीति को सीमित रखने में मदद कर सकते हैं लेकिन यह रुख उत्पादन तथा दीर्घावधि में अनाज की उपलब्धता को प्रभावित कर सकता है। बहरहाल अगर मुद्रास्फीति की दर एमपीसी के अनुमान के अनुसार बढ़ती है और चालू वित्त वर्ष में औसतन 4.5 फीसदी रहती है तो वास्तविक नीतिगत रीपो दर दो फीसदी होगी जिसे ऊंचा माना जा सकता है और यह वृद्धि को प्रभावित कर सकती है। जैसा कि मौद्रिक नीति समिति के एक सदस्य जयंत आर वर्मा ने पिछली बैठक में कहा था, 'दो फीसदी की वास्तविक ब्याज दर से यह जोखिम पैदा होता है कि वृद्धि को लेकर निराशा का भाव कहीं सही साबित न हो जाए।'

ऐसे में क्या मौद्रिक नीति समिति को नीतिगत दरों में कटौती पर विचार करना चाहिए? जैसा कि अधिकांश बाजार प्रतिभागियों का अनुमान है, इस मुकाम पर यथास्थिति बरकरार रखना समझदारी भरा होगा और इसकी कम से कम तीन मजबूत वजह हैं। पहला, देश में आम चुनाव हो रहे हैं और ऐसे में प्रतीक्षा करना उचित होगा। दूसरा, कोर मुद्रास्फीति जहां सहज स्तर पर है, वहीं हेडलाइन दर खाद्य महंगाई के कारण लक्ष्य से काफी ऊपर है और वह अस्थिरता ला सकती है। तीसरा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने संकेत दिया है कि वह इस वर्ष नीतिगत दरों में कटौती करेगा लेकिन यह देखना होगा कि आने वाले महीनों में हालात कैसे बनते हैं। यह बात बाहरी स्थिरता के नजरिये से भी महत्त्वपूर्ण है जिसमें हाल के दिनों में उल्लेखनीय मजबूती आई है। कुल मिलाकर चूंकि फिलहाल वृद्धि को लेकर कोई चिंता की बात नहीं है इसलिए मौद्रिक नीति समिति प्रतीक्षा कर सकती है और अपस्फीति की प्रक्रिया को पूरा होने दे सकती है।

# गाजा में कब तक गरजेंगी बंदूकें

> सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के कथित हमले में सात लोगों की मौत ने हमास-इजरायल जंग को एक नया मोड़ दे दिया है, वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नेतन्याहू के ऊपर संघर्ष-विराम का चौतरफा दबाव बढ़ने लगा है। पिछले रविवार को काफी बड़ी संख्या में इजरायली प्रदर्शनकारी हमास से युद्ध के खिलाफ नेतन्याहू सरकार को घेरते हुए सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारी हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजरायलियों को अब तक न छुड़ा पाने की सरकार की नाकामी से नाराज थे। वे संघर्ष-विराम और जल्द आम चुनाव कराने की मांग भी कर रहे थे।

अश्विनी महापात्र,
प्रोफेसर, जेएनयू

साफ है, हमास पर हमले का दांव प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर उल्टा पड़ रहा है। पहले जब कभी ऐसे युद्ध हुए हैं, एकाध महीने के बाद बंदूकें खामोश हो जाती थीं और इजरायल व फलस्तीन अपनी-अपनी राह बढ़ जाते थे। मगर इस बार इजरायल ने आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन बनाया था, जिसकी कई वजहें थीं। प्रधानमंत्री नेतन्याहू इसमें अपने लिए काफी संभावनाएं देख रहे थे। उन पर ऐसे-ऐसे आरोप लगे, जिनसे जनता में उनकी स्वीकार्यता घट गई थी, इसलिए इस युद्ध में डटे रहकर वह अपनी छवि मजबूत करना चाहते थे। मगर अब जिस तरह से उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन तेज हो गया है, उनकी कोशिश जल्द से जल्द हमास के समूल विनाश की होगी, ताकि एक तरफ लोग उनका लोहा मान सकें और दूसरी तरफ फलस्तीन की तरफ से इजरायल को कोई खतरा भी न रहे।

फलस्तीन में विपक्ष कमजोर पड़ गया है और पिछले साल की 7 अक्तूबर की घटना के बाद से वहां हमास का जनाधार बढ़ गया है। ऐसे में, नेतन्याहू की चिंता यह भी होगी कि गाजा से बाहर निकलने के बाद इजरायल के लिए मुश्किलें कहीं बढ़ न जाएं। आशंका है, ईरान जैसे देशों की मदद से हमास अधिक ताकतवर बन जाए। नेतन्याहू के लिए घरेलू दबाव ही काफी नहीं था कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका के बदले रुख से भी इजरायल सकते में है। विगत 25 मार्च को पहली बार सुरक्षा परिषद ने गाजा में तत्काल संघर्ष-विराम की मांग की। जब इस संबंध में सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पेश किया गया, तो इजरायल को भरोसा था कि अमेरिका उसका साथ देगा और इस प्रस्ताव को वीटो करेगा, मगर वाशिंगटन ने इससे अलग रहना ही मुनासिब समझा और दबाव अब इजरायल पर आ गया है। इससे हमास को जरूर खुशी मिली होगी कि कम से कम अमेरिका की नीति तो बदली!

व्हाइट हाउस के लिए ऐसा करना अनिवार्य हो गया था। उसका कहना है कि इजरायल की जवाबी कार्रवाई में अब तक हजारों आम नागरिकों की मौत हो चुकी है, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। तकरीबन 20 लाख फलस्तीनी राफा में पलायन करने को मजबूर हुए हैं, जहां मानवीय संकट चरम पर है। पिछले दिनों उत्तरी गाजा में विमानों से गिराए गए खाने के पैकेट पाने की कोशिश में 15 से अधिक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। ऐसे में, इजरायल के साथ शुरुआत में भले ही पूरी दुनिया की सहानुभूति थी, लेकिन गाजा संघर्ष के लंबा खिंचने के बाद उसके प्रति विश्व बिरादरी का विश्वास डिग गया है।

अमेरिका की घरेलू राजनीति भी अब इसकी इजाजत नहीं देती कि वह इजरायली सैन्य कार्रवाई का पूर्ववत समर्थन करता रहे। पहले की अमेरिकी सरकारों की नजर में इजरायल नरसंहार से पीड़ित ऐसा देश था, जिसके हितों की रक्षा आवश्यक थी, लेकिन अमेरिका की नई पीढ़ी यही मानती है कि जब डेमोक्रेट नेता लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति संजीदा हैं, तो उनकी सरकार फलस्तीनियों के अधिकारों पर चुप क्यों है? इसीलिए, संयुक्त राष्ट्र के संघर्ष-विराम प्रस्ताव को प्रकारांतर से सहमति देकर डेमोक्रेट नीति-निर्माताओं ने जन-आलोचना से बचने की राह निकाली। हालांकि, अमेरिकी यह भी मानते हैं कि संघर्ष-विराम की सूरत में इजरायल को हरसंभव मदद मिलनी चाहिए।

अभी तक इजरायल ने भले ही अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन मौजूदा घटनाक्रम का मतलब यह नहीं है कि दुनिया के देश इजरायल से दूरी बनाना चाहते हैं। भारत सहित तमाम मुल्कों का यही मानना है कि जब कभी इजरायल पर हमला होगा, दुनिया उसके साथ एकजुटता दिखाएगी, लेकिन फलस्तीन विवाद का भी समाधान होना चाहिए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तो हाल में ही दोहराया है कि फलस्तीन पर हम स्पष्ट हैं और उसे राष्ट्र का दर्जा मिलना चाहिए। हालांकि, यह किस रूप में होगा, यह एक अलग सवाल है।

इस सूरतेहाल में मुमकिन है कि गाजा में हम जल्द ही जंग थमते देखें। इजरायल अभी अमेरिका से नाराज है, लेकिन अमेरिकी हुकूमत इजरायली हितों की ही हिमायती है। वह इस क्षेत्र में लंबे समय तक सुरक्षा चाहती है, जिसके लिए बातचीत को ही वह उचित माध्यम मानती है। हो सकता है कि रमजान के महीने को देखते हुए कुछ शर्तों के साथ यहां सघर्ष-विराम लागू हो जाए। गाजा तक पहुंचने का रास्ता खोला जा सकता है, ताकि जरूरतमंदों तक मानवीय मदद पहुंच सके। हमास व इजरायल एक-दूसरे के बंधकों को भी छोड़ सकते हैं, जिसके लिए जरूरी बातचीत परदे के पीछे चल रही है।

यहां अरब देशों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। कुछ अरब देश एक समय इजरायल से संबंध बेहतर बनाना चाहते थे, लेकिन मौजूदा तनातनी को देखते हुए इसे टाल दिया गया है। अरब देशों में इजरायल की छवि खराब हुई है। फिलहाल कोई इस्लामी मुल्क सार्वजनिक तौर पर उसके साथ अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने का जोखिम नहीं उठाना चाहेगा। वे फलस्तीन पर रुख स्पष्ट करने का दबाव इजरायल पर बना सकते हैं। वे नहीं चाहेंगे कि इजरायल गाजा से सरकार चलाए।

यही कारण है कि भारत के लिए चुनौती बड़ी है। हमारी रुचि खासतौर से भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) में है, जिसका एक हिस्सेदार इजरायल भी है। यह प्रस्तावित गलियारा तभी साकार हो सकता है, जब पश्चिम एशिया में शांति हो। इस गलियारे से हमारी सामरिक मौजूदगी मध्य-पूर्व में बढ़ेगी, जो अमेरिका भी चाहता है और यूरोप भी। इस गलियारे से हमें आर्थिक लाभ मिलेगा और पश्चिम एशिया पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। इसी कारण नई दिल्ली जल्द से जल्द इजरायल-हमास में संघर्ष-विराम चाहती है। हमारी सरकार का यही मानना है कि यहां किसी भी तरह से तत्काल शांति स्थापित हो। इसी में पूरे विश्व समुदाय के हित छिपे हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# राज्यपालों की ओर से विधेयकों को रोके जाने की आलोचना

राज्यपालों की ओर से विधेयकों को रोके जाने की आलोचना करते हुए सर्वोच्च अदालत की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा उनका काम उन पर फैसला लेना है। यह शर्म की बात है कि अदालत को राज्यपालों को उनकी ड्यूटी याद दिलानी पड़े। हैदराबाद में हुए कार्यक्रम में उन्होंने महाराष्ट्र व पंजाब के फैसलो का भी जिक्र किया। कहा कि सवाल यह था कि क्या राज्यपाल के पास फ्लोर टेस्ट कराने का कोई ठोस सबूत थे कि मौजूदा सरकार विधायकों का विास खो चुकी है। राज्यपालों को अदालतों में खींचने को भी उन्होंने संविधान के तहत स्वस्थ प्रवृत्ति नहीं कहा। नोटबंदी के फैसले का भी उन्होंने विरोध किया और काला धन जमा करने वालों को हुए फायदे व आम लोगों को हुई परेशानी पर भी बोलीं।

हालांकि जस्टिस उन पांच जजों वाली पीठ के हिस्सा थीं, जिसने सरकार के इस फैसले में असहमति जताई थी कि यह जल्दबाजी में लागू किया गया। उनका यह कहना कि इससे सिर्फ कानून तोड़ने वालों को ही फायदा हुआ, जिन्होंने अपना काला धन सफेद बना लिया। सरकार पर इस तरह के आरोप विपक्ष द्वारा भी लगाए जाते रहे हैं। यह सच है कि नोटबंदी के दौर को याद कर आम लोगों के अभी भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। राज्यपाल संवैधानिक पद है, जिसकी गरिमा का ख्याल रखा जाना चाहिए। लंबे समय से देखने में आ रहा है कि राज्य सरकारों और राज्यपाल के दरम्यान सामंजस्य नहीं बन पाता। खासकर जहां-जहां विपक्षी दलों की सरकारें हैं, वहां राज्यपाल केंद्र की शह पर अड़चनें खड़ी करते हैं, जिससे सरकारों को अदालत का रुख करने को मजबूर होना पड़ता है। इस विवाद का निपटारा सत्ताधारी दल को संवैधानिक तौर पर करने की पहल करनी चाहिए।

गौरतलब है जस्टिस नागरत्ना अपने कड़े फैसलों के लिए जानी जाती हैं और 2027 में उनके पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने की संभावना है। ऐसे में उनके किसी भी नजरिये या तल्ख टिप्पणी की उपेक्षा की जानी उचित नहीं कही जा सकती। ये विचार उनके नितांत निजी हो सकते हैं मगर इनसे असहमति नहीं रखी जा सकती। किसी भी सरकार के सौ फीसद फैसले सही नहीं ठहराये जा सकते, थोड़ी-बहुत ऊंच-नीच से मुकरा नहीं जा सकता। तब भी जबकि नोटबंदी के फैसले पर अब तक कुछ भी निश्चित तौर पर नहीं कहा जा सकता।

# रफ्तार के नए सौदागर मयंक यादव

> मयंक ने आईपीएल का पहला मैच खेलने के बाद कहा था कि मेरा पहला विकेट ही मेरे लिए सबसे महत्त्वपूर्ण है। मयंक के प्रदर्शन पर पूर्व टेस्ट क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा कि जिस तरह शोएब अख्तर का नाम उनके शहर की मशहूर ट्रेन 'रावलपिंडी एक्सप्रेस' रखा गया, उसी तरह मयंक दिल्ली से आता है तो उसका नाम 'राजधानी एक्सप्रेस' रखना चाहिए।

मनोज चतुर्वेदी

क्रिकेट में पेस गेंदबाजी की बात है तो पिछले एक दशक में भारत ने इस क्षेत्र में खासी तरक्की की है। ईशांत शर्मा के बाद से शुरू हुए सिलसिले ने जसप्रीत बुमराह की सफलताओं के बाद इस क्षेत्र में खासी तरक्की देखी गई है। दो-तीन साल पहले उमरान मलिक के आईपीएल में सबसे तेज गेंद 153 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार निकालने के बाद अब इस साल लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए पदार्पण करने वाले मयंक यादव ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 155.8 किमी. की रफ्तार निकालकर इस सत्र में अब तक के सबसे तेज गेंदबाज होने का गौरव हासिल कर लिया है।

मयंक ने इस मैच में लगातार 150 किमी. से ऊपर की रफ्तार निकालकर लखनऊ को मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 27 रन देकी तीन विकेट लिए। उनकी गति के बारे में हारने वाली टीम के कप्तान शिखर धवन ने कहा कि मयंक की गति ने हमें सरप्राइज कर दिया।

हम सभी जानते हैं कि कुछ सालों पहले तक पेस गेंदबाजी की चर्चा होती थी, तो ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज के गेंदबाजों की ही चर्चा हुआ करती थी, लेकिन बुमराह के आने के बाद से भारत भी इस क्षेत्र में लगातार उपलब्धियां हासिल करता रहा है। इससे प्रेरणा पाकर तमाम युवा इस क्षेत्र में सामने आ रहे हैं। पर हमें इन युवाओं के ग्रेजुएशन की व्यवस्था और बेहतर करने की जरूरत है। आईपीएल के माध्यम से ही दो-तीन साल पहले उमरान मलिक निकले थे।

जम्मू-कश्मीर का यह पेस गेंदबाज अब तक भारतीय टीम का नियमित सदस्य नहीं बन सका है। अब मयंक यादव की गति की चर्चा तो हो रही है। पर जरूरत इन गेंदबाजों को भारतीय टीम तक पहुंचाने की है। अगर यह गेंदबाज खेलेंगे तो 150 किमी. से ज्यादा की गति निकालने वाले गेंदबाजों की लाइन लग सकती है। मयंक यादव इस बार के घरेलू सीजन की शुरुआत से ही बीसीसीआई चयनकर्ताओं के राडार पर आ गए हैं। असल में देवधर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन ने उन्हें सुर्खियां दिलाई हैं। उन्होंने देवधर ट्रॉफी में 12 विकेट निकाले और संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज के दौरान उन्हें विराट कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल को गेंदबाजी करने के लिए बुलाया गया था। यह सभी बल्लेबाज उनकी गेंदबाजी से प्रभावित भी हुए, लेकिन इसी दौरान पसली में फ्रेक्चर होने से वह रणजी सीजन में नहीं खेल सके। एलएसजी के सहायक कोच विजय दहिया की निगाह मयंक पर पड़ी और उन्होंने तत्काल गौतम गंभीर से बात करके उन्हें 2022 की नीलामी में 20 लाख रुपए में खरीद लिया।

पर वह चोटिल होने की वजह से 2023 के आईपीएल सीजन में नहीं खेल सके, लेकिन अब वह एक ही प्रदर्शन से सभी की आंखों का तारा बन गए हैं। मयंक के पिता प्रभु यादव बताते हैं कि वह बचपन से ही उसे वेस्टइंडीज के पेस गेंदबाज कर्टली एम्ब्रोस की कहानियां सुनाते थे कि उसकी गेंदबाजी की गति से विरोधी बल्लेबाजों के मन में डर बना रहता था। वह कहते हैं कि मैं उससे इसी तरह का गेंदबाज बनने के लिए कहता था। मयंक को गेंदबाजी में तेजी इसलिए भी भाती थी कि वह बचपन से ही एयरो प्लेन, सुपर बाइक जैसी तेज चीजों को पसंद करते थे। मयंक के 14 साल का होने पर वह उसे तारक सिन्हा संचालित सोनेट क्लब ले गए। वहां कोच देवेंद्र शर्मा ने उनके कॅरियर को शेप देने में अहम भूमिका निभाई। यह कहा जा रहा है कि पिता बचपन से ही चाहते थे कि उनका बेटा भी सचिन तेंदुलकर की तरह क्रिकेटर बने, जिससे उनका नाम भी दुनिया में फैल सके।

मयंक को बचपन से ही क्रिकेट का शौक था। वह स्कूल से लौटते ही गली में साथी बच्चों के साथ क्रिकेट खेलने लगते। इसके बाद वह स्कूल की टीम से खेलने लगे। वह जब 14 साल की उम्र में सोनेट क्लब में शामिल हुए तो उनके कॅरियर को सही दिशा मिली। कोच शर्मा बताते हैं कि वह जब क्लब में ट्रायल में भाग लेने आया था, तब उसके पास सही स्पाइक्स भी नहीं थे। पर उसमें ट्रायल में भाग लेने वाले अन्य गेंदबाजों से तेजी ज्यादा थी। वह कहते हैं कि वह बहुत ही सामान्य लड़का है। 2021-22 के सत्र में जब पहली बार उसे विजय हजारे ट्रॉफी के लिए दिल्ली टीम में चुना गया, तो उसने क्लब में सभी सदस्यों को मिठाई खिलाई। वह याद करते हुए बताते हैं कि विजय हजारे ट्रॉफी के मैच में उसे आखिरी ओवर में तीन रन बचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई और उसने दिल्ली को जिता दिया था।

# बहुत महंगे होते चुनाव कहीं लोकतंत्र पर बोझ तो नहीं

> साल 2024 के लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। प्रथम चरण के पर्चे भी भरे जा चुके हैं। सभी प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार जोरों पर है और खर्च भी बेतहाशा हो रहा है। इस चुनाव में करीब 1.20 लाख करोड़ रुपया खर्च होने का अनुमान लगाया जा रहा है। खर्च इससे अधिक भी हो सकता है। साल 2019 के चुनाव में अनुमानतः 60 हजार करोड़ रुपया खर्च हुआ था, जो तब तक का सबसे महंगा चुनाव माना गया था, जबकि चुनाव 2014 में 9,357 करोड़ रुपया खर्च हुआ था।

सी पी राय,
सामाजिक विचारक

आम चुनाव 1951-52 के कुल 10 करोड़ रुपये खर्च के मुकाबले अब खर्च तेजी से सुरसा के मुंह की तरह बढ़ता जा रहा है, जो देश के हालात, लोकतंत्र और चुनाव की शुचिता तथा चुनाव खर्चों की चिंता करने वालों को बहुत उद्वेलित कर रहा है। चुनाव इतना महंगा कैसे हो गया? महंगा होकर आम आदमी की पहुंच से दूर कैसे हो गया? अब तो चुनाव आयोग ने ही प्रत्याशी का खर्च 70 लाख रुपया कर दिया है और पार्टी द्वारा किया जाने वाला खर्च अलग है। कई चुनाव लड़े हुए साथियों से जब मैंने खर्च पूछा, तो चौंकाने वाली चीजें सामने आईं। समाज में एक बहुत प्रतिष्ठित दंपति ने बड़े शहर से मेयर का चुनाव लड़ा, जब उनसे बात की, तो उन्होंने बताया कि दोनों की कुल जमा-पूंजी से 35 लाख रुपये खर्च हो गए, फिर भी वह चुनाव हार गए। उनका मानना है कि यदि एक करोड़ रुपये होते, तो चुनाव लड़ा जा सकता था। बाकी साथियों

ने बताया कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कम से कम दो करोड़ रुपये चाहिए। जीत के लिए यह आंकड़ा पांच से 10 करोड़ और उससे भी अधिक पर पहुंच जाता है। चुनाव लड़ चुके लोगों ने बताया कि लोकसभा चुनाव में हर ब्लॉक में कम से कम दो गाड़ी चलाना होता है और एक क्षेत्र में 15 से 18 तक ब्लॉक होते हैं, तो कम से कम 30 से 45 गाड़ी का खर्च कम से कम दो लाख रुपया प्रतिदिन होता है । प्रत्याशी, चुनाव एजेंट और अन्य सहयोगियों की भी कम से कम पांच से 10 तक गाड़ी चलती है । हर ब्लॉक पर कम से कम एक कार्यालय चलता है, जिसका खर्च पांच से 10 हजार रुपये प्रतिदिन होता है। केंद्रीय कार्यालय का खर्च भी 10 हजार प्रतिदिन होता है। यह चुनाव लड़ने के लिए होने वाले खर्चों की छोटी झलक है। हिसाब लगाया जा सकता है कि प्रत्याशी और पार्टी कितना खर्च करती है।

जरा यह भी देखिए कि एक सांसद को कुल कितना पैसा मिलता है। सांसद को एक लाख रुपये तनख्वाह मिलती है, तो 60 हजार रुपये कार्यालय भत्ता, 70 हजार रुपये क्षेत्र का भत्ता मिलता है । किसी भी तरह से सांसद की आय 15 से 18 लाख रुपये सालाना ही होती है। अधिक से अधिक एक करोड़ रुपये उसे पूरे पांच साल में मिलते हैं, तब यह सोचने वाली बात है कि वह चुनाव लड़ने के लिए पांच से 10 करोड़ रुपये कहां से खर्च करता है? जाहिर है, चुनाव लड़ने के लिए वह पैसे जुटाता है या उसकी पार्टी जुटाती है। यहीं से शुरू होती है भ्रष्टाचार की कहानी और इसको तब ज्यादा बल मिला, जब सांसदों और विधायकों को विकास के लिए फंड मिलने लगा, जो दो करोड़ से शुरू होकर पांच करोड़ पहुंच गया। एक अनुमान है कि इसमें से पांच से पचास प्रतिशत तक सांसदों की जेब में आ जाता है। इसका सच क्या है, यह तो सांसद ही जानते हैं।

बहरहाल, तय तो यह हुआ था कि इस देश में गरीब भी चुनाव लड़ेगा, पर यह शायद सपना ही रह जाएगा। चुनावों में पूंजीवाद का यह नंगा नाच क्यों और तरह-तरह से धन की यह लूट क्यों? ऐसे सवाल लोकतंत्र और संविधान से चिपक गए हैं और मुंह चिढ़ा रहे हैं।

अब सवाल यह है कि यही चलता रहेगा या इसका कुछ निदान भी खोजा जाएगा? निदान खोजेगा कौन? उससे भी बड़ा सवाल है कि जो जनता भ्रष्टाचार से आजिज आ चुकी है और उससे पिंड छुड़ाना चाहती है तथा अपने नेताओं को पाक साफ देखना चाहती है, वह खुद इस महंगे चुनाव का हिस्सा क्यों बन जाती है? क्यों नकद, कबाब, शराब और साड़ी के लिए फंस जाती है? लोग क्यों अपने नेता से एक दिन 500 रुपया लेते हैं और पांच साल निराश होकर कोसते हैं? क्यों सुविधाओं का रोना रोते हैं? शायद सुधार का यही सही रास्ता है कि लोगों को युद्ध स्तर पर जागरूक व प्रशिक्षित किया जाए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### बिहान दीदियों ने हाथों में मेहंदी से मतदान स्लोगन को लिखकर मतदान करने का दिया संदेश

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक और स्वीप कमेटी के नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस. आलोक द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम अर्थात स्वीप कार्यक्रम के जरिए मतदान के प्रति जागरूकता लाने और निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए जिले में गहन कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत लभराखुर्द में बिहान दीदियों ने स्वीप गतिविधि के अंतर्गत हाथों में मेहंदी द्वारा मतदान के स्लोगन लिखकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। साथ ही मतदान करने की शपथ भी ली। इसी प्रकार स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती बद्रिका ध्रुव द्वारा शांति नगर, बागबाहरा में मुस्कान महिला समूह के अध्यक्ष श्रीमती कुलेश्वरी यादव एवं समूह के साथियों को शत् प्रतिशत मतदान हेतु शपथ का वाचन कराया गया। इसी तरह बागबाहरा जनपद पंचायत के सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन एवं मनरेगा मजदूरों द्वारा कार्यस्थल में ही शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ लेकर आम लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया।

### स्काउट गाइड्स ने चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में आमजनों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु निरंतर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं एवं स्काउट गाइड्स कैडर्स द्वारा शॉर्ट वीडियो, पोस्टर, नारा लेखन, रंगोली, पेंटिंग, निबंध, भाषण, वाद-विवाद जैसे गतिविधियां आयोजित कर लोगों को मतदान की महत्ता की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरबा के स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत शॉर्ट वीडियो व पोस्टर के माध्यम से मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आमजनों से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

### कलेक्टर डॉ सिंह की अगुवाई में निकली जागरूकता रैली

# मतदाताओं को शपथ दिलाकर वोट करने की अपील

- हेलमेट, तख्ती और सभी के टी-शर्ट में मतदाता जागरूकता का संदेश
- रैली में महिलाएं बुलेट, स्कूटी लेकर निकली, जागरूकता संदेश के लगाए नारे
- तेलीबांधा तालाब में कलेक्टर ने नागरिकों को दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के नेतृत्व में आज मतदाता जागरूकता की रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से निकल कर व्हया शंकरनगर, टर्निंग पॉइंट, खम्हारडीह थाना चौक, अवन्तिबाई चौक, मत्स्य आउटलेट पॉइंट, तेलीबांधा रविग्राम चौक होते हुए तेलीबांधा तालाब पर समाप्त हुई। बाइक रैली को कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश हेमंत श्राफ ने हरी झंडी दिखाई।तेलीबांधा तालाब में कलेक्टर डॉ.सिंह नागरिकों को शपथ दिलाकर सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की त्योहार में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। मतदान हम सभी का अधिकार है जिसपर मतदाताओं की बड़ी भूमिका होती है। कलेक्टर ने कहा कि रायपुर लोकसभा के लिए 7 मई को मतदान की तिथि घोषित की गई है। अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान करने के साथ अपने परिवारजनों के अलावा आस पड़ोस के लोगो को भी मतदान के लिए प्रेरित करें । कार्यक्रम दौरान प्रसिद्ध कवि अभय निर्भीक द्वारा भारत यात्रा पर काव्य पाठ कर देश प्रेम को जीवंत करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व का मान जरूरी है, सौ प्रतिशत मतदाता का मतदान जरूरी है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए समय-समय पर अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और जिला प्रशासन की टीम कलेक्ट्रेट से मतदाता जागरूकता की तख्ती लेकर बाइक से निकली। रैली राइडर्स पीछे एक साथी तख्ती लेकर निकले जिसपर वोट की ताकत, पहचानो मतदाता, मजबूत प्रजातंत्र से इसका नाता, हमारा आह्वान, करें मतदान, बनें महान जैसे कई संदेश मतदाता जागरूक के दिए गए।तेलीबांधा तालाब में कलेक्टर ने बाइक रैली में शामिल राइडर्स के अलावा गणमान्य नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता के तहत ए आई जी श्री संजय शर्मा की टीम के द्वारा जुंबा और नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदाता जागरूकता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात तेलीबांधा तालाब में मतदाता जागरूकता के तहत किया स्वीप वॉक जिसमे सभी अधिकारी कर्मचारी साथ चलें। वाक का अगुवाई नन्ही बच्ची कुमारी ओजस्वी त्यागी ने की। जुंबा टीम में भी ओजस्वी की माँ श्रीमती अल्का त्यागी एवं पिता श्री लव त्यागी ने भी नुक्कड़ माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश दिए।

## सांसद महंत ने पाली-तानाखार के गांवों में किया जनसंपर्क

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा । लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने आज पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोड़ानाला, चुहरापारा, सिरदौनपारा, मांझापारा, कुदरीपारा, घोघरापारा, मारगांव का सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामवासियों एवं क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि कांग्रेस की सरकार इस चुनाव में आप सबको बनाना है।

कार्यकर्ताओं और आम जनता के सहयोग से कोरबा लोकसभा और केन्द्र में कांग्रेस की सरकार काबिज होगी तो देश का विकास होगा। आज देशभर में लोगों को जाति-धर्म के नाम पर बांटा जा रहा है, विकास के नाम पर विनाश की ओर भाजपा की सरकार शहर से लेकर गांव तक को ले जा रही है। उद्योगों के कारण किसानों के लिए खेतिहर जमीन तक नहीं बच रही और लोग बेघर हो रहे हैं। युवाओं के सामने बेरोजगारी की समस्या है तो महिलाओं को मात्र 1 हजार रुपए देकर उनके कीमती वोट को खरीदने के लिए भाजपा ने लालीपॉप थमाया है। सांसद ने कहा कि अपना कीमती वोट सही नेतृत्व चुनने के लिए दें और कांग्रेस का हाथ मजबूत करें।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर हम 5 गारंटी देने का वादा करते हैं जिनमें सबसे प्रमुख प्रत्येक गरीब परिवार की महिला को 8333 रुपए हर महिने और साल में 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर निर्मित होंगे, उन्हें उद्योगों से जोड़ा जाएगा। किसानों की भी हम गारंटी लेंगे जिससे उनका जीवन स्तर ऊपर उठेगा। जनसंपर्क के दौरान जहां ग्रामवासियों के द्वारा सांसद का स्वागत किया गया वहीं सभी ने उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा भी दिया। इस दौरान सांसद के साथ शशिलता पाण्डेय व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ समन्वय समिति ने मनाया रंग पंचमी पर होली मिलन समारोह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ समन्वय सीमिति के द्वारा रंग पंचमी के पावन अवसर पर होली मिलन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर दल्लीराजहरा के 22 छत्तीसगढ़िया समाज के अध्यक्ष, पदाधिकारी गण और सदस्य गण उपस्थित थे। सर्व प्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की गई।

उपस्थित लोगों के द्वारा पूरे जोश के साथ तिलक होली रंग गुलाल संग झाज मंजीरा नगाड़ा के संग बहुत ही मस्ती के साथ रंग बरसे की गीत के साथ सारे के सारे झूम उठे। कार्यक्रम में कई छत्तीसगढ़ी के पुराने होली गीत, फिल्मी गीत भी गाये गए। मुख मुरली बजाए छोटे से श्याम कन्हैया जैसे गीत भी महिलाओं पुरुषों के द्वारा डांस कर गाया गया। श्रीवास की उमंग भरी मस्ती के गीत एवं ईश्वर पटेल के गीत वाद्य यंत्र के साथ पूरे मंच को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामदास मानिकपुरी ने सभी समाज प्रमुखों एवं अतिथियों का गुलाल से स्वागत किया।

तत्पश्चात समारोह में सह संस्थापक संरक्षक श्याम लाल साहू, महेंद्र भट्ट, कुमार मंडावी तथा आर.एस पैकारा का शाल, श्रीफल, मेमोंटो से सम्मान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने कहा कि यह पर्व भारत की प्राचीन परंपरा संस्कृति और सभ्यता का त्योहार है। होली पर्व का मतलब है कि हम आपसी गिले शिकवे ख़त्म करे और अपनी संस्कृति से बच्चों को अवगत कराये द्य इस दौरान राधा कृष्ण का स्मरण कर मनमोहक फाग गीत भजन गीत महिलाओं के द्वारा गाया गया।

## हीट वेव से रखे सावधानी, अधिक मात्रा में पियें पानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** हीट वेव जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है। जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फॉरेन्हाइट से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है। इसका असर बच्चों, बुजुर्गों एवं कोमार्बिड लोगों में सर्वाधिक होता है। हमारे शरीर के टेम्परेचर रेग्यूलेशन (तापमान नियंत्रण) मस्तिष्क के हाईपोथलेमस भाग से होता है। जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फॉरेन्हाइट से अधिक हो जाता है। तब टेम्परेचर रेग्यूलेशन तंत्र प्रभावित होता है। परिणाम स्वरूप तब हीट स्ट्रोक की स्थिति उत्पन्न होती है।

लक्षण - सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना ।

### लू से बचाव के उपाय

स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव के लिए उपाय दिया गया है। बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर न जाए, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पीयें, मौसमी फल जैसे तरबूज, ककड़ी, छाछ, लस्सी समय-समय पर लेते रहे, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए, जिससे कि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहें, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीये। चक्कर आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लिया जाए एवं उल्टी, सर दर्द, बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में जरूरी सलाह लिया जाए।

## प्लेट मिल विभाग में शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग में 02 मार्च 2024 को कर्म एवं पाली षिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन प्लेट मिल विभाग के सभागार में किया गया। कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

जुलाई से सितम्बर 2023 तिमाही के लिए विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक दीनबंधु साहू को तथा अक्टूबर से दिसम्बर 2023 तिमाही के लिए सहायक महाप्रबंधक निरंजन महंता को पाली षिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। सितम्बर 2023 के लिए मास्टर ऑपरेटर नेमी चरण चंद्रकार को, अक्टूबर 2023 के लिए, ओसीटी कृपाराम गजेन्द्र को, नवम्बर 2023 के लिए ओसीटी रामेश्वर प्रसाद पांडे को, दिसम्बर 2023 के लिए मास्टर ऑपरेटर धर्मेन्द्र कुमार सिंह ठाकुर को, जनवरी 2024 के लिए मास्टर ऑपरेटर पंकज कुमार शर्मा को तथा फरवरी-2024 के लिए चीफ मास्टर टेक्नीषियान भरत लाल चैधरी को कर्म षिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि आर के बिसारे ने शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित होने वाले सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों ने अपनी उत्कृष्ट कार्य संस्कृति से चुनौतियों को अवसर में बदलकर कठिन कार्यो को पूर्ण किया है। यह भिलाई के कार्य संस्कृति एवं टीम वर्क की उपलब्धि है। हमारे श्रमवीरों ने अपने अथक परिश्रम, कार्यकुशलता, लगन एवं तकनीकी दक्षता से कई चुनौतियों पर विजय पाकर परचम लहराये हैं। इस समारोह में प्लेट मिल के महाप्रबंधक संजय त्रिपाठी, महाप्रबंधक भास्कर राय, महाप्रबंधक श्रीनिवास सेषु, महाप्रबंधक ए के जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित विषेष अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक (कार्मिक मिल्स जोन-3) श्री विजय कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्मिक विभाग की ओर से श्रीमती मीनू चैहान, नीता सरवरे ने अपना योगदान दिया। इस पुरस्कार का मुख्य उद्देष्य अपने कार्यस्थल/पाली में नवीनता, बेहतर संसाधनों का उपयोग एवं संगठनात्मक उद्देष्यों को पूरा करने के लिए सुरक्षा के मानक मापदण्डों के साथ विभाग में उल्लेखनीय प्रदर्षन करने वाले कर्मठ एवं सृजनषील कार्मिकों को एक विषेष पहचान प्रदान कर सम्मानित करना है।

## वृद्ध, निःशक्त एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र में मिलेगी विशेष सुविधाएं

### सभी मतदान केंद्रों में सुनिश्चित की जारी आवश्यक व्यवस्थाएं : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दिव्यांग,वृद्धजन और निःशक्त मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत दिव्यांग,वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए हैं,जिसका पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल ने सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र में दिव्यांग,वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं हेतु पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।इसके साथ ही कलेक्टर ने दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र को भू-तल में रखा जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मतदान केंद्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में पहुंच योग्य सड़क तथा मतदान केंद्र में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड,दिव्यांग मतदाताओं के अनुकुल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था,दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपयुक्त ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित करने के भी निर्देश दिए है। कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही है।मतदान दिवस को दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग के लिए एनएसएस,एनसीसी,स्काउट गाइड स्वयंसेवक भी मतदाता मित्र के रूप में मौजूद रहेंगे। मतदान केंद्र पर मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को कतार से मुक्ति देते हुए मतदान हेतु वरीयता प्रदान किया जाएगा।मतदान कक्ष में दिव्यांग मतदाताओं की विशेष जरूरतों के संबंध में मतदान कर्मियों को संवेदनशील और जागरूक बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान तिथि को मांगे जाने पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके घर से लाने एवं मतदान पश्चात् उन्हें वापिस उनके घर तक छोड़ने हेतु निःशुल्क परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी।मतदान केंद्र पर दृष्टिबाधित व्यक्ति को अपने साथ सहयोगी के रूप में एक साथी को ले जाने हेतु अनुमति है। मतदान केंद्रों पर दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ब्रेल लिपि में डमी मतपत्र मुद्रित कराकर रखे जाने के भी निर्देश हैं जिसे मांगे जाने पर संबंधित मतदाता को उपलब्ध कराया जाना है।दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ईवीएम मशीन पर ब्रेल लिपि में प्रत्याशियों का नाम मुद्रित कराया जाएगा।

मतदान केंद्र पर स्थापित होने वाले मतदाता सहायता बूथ की स्थिति की जानकारी दिव्यांग मतदाताओं को देने हेतु साइनेज चस्पा किया जाएगा। दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं में से इच्छुक अनुपस्थित मतदाताओं के द्वारा विकल्प देने पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से ही मतदान की सुविधा प्रदान की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं हेतु सक्षम एप की सुविधा भी उपलब्ध कराई है।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### राज्यपाल को भेंट की छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति से संबंधित पुस्तकें

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से

बुधवर को राजभवन में जय जोहार साहित्य संस्कृति संस्थान रायपुर की अध्यक्ष डॉ. सीमा निगम ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति से संबंधित स्वरचित पुस्तके भेंट की। उनके साथ श्रीमती रश्मि लता मिश्रा भी उपस्थित थीं।

### कुलपति ने की मुलाकात

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से बुधवर को राजभवन में आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने मुलाकात की।

### राज्यपाल से मिले एम्स के सीईओ

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से बुधवार को राजभवन में एम्स रायपुर के कार्यकारी निर्देशक और सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने मुलाकात की।

### छग सिविल सोसायटी के सदस्यों ने की मुलाकात

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से बुधवार को राजभवन में छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी के नेतृत्व में सदस्यों ने भेंट की और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा एमबीबीएस के पाठयक्रम में प्रस्तावित परिवर्तन के संबंध में राज्यपाल का ध्यान आकर्षित कराया।

### जेसीआई संस्था के प्रतिनिधियों ने की भेंट

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से बुधवार को राजभवन में डॉ. निखिल मोतीरामानी के नेतृत्व में जेसीआई रायपुर के प्रतिनिधियों ने भेंट की। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. मनीष, डॉ. जितेंद्र, डॉ. आनंद, डॉ. आशीष उपस्थित थे।

बड़ा मंदिर में धूम-धाम से मनाया आदिनाथ भगवान जन्म महामहोत्सव

# चांदी के रथ पर निकली भगवान आदिनाथ की शोभायात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड में प्रथम तीर्थंकर मूलनायक आदिनाथ भगवान का जन्म महोत्सव बड़े ही धूम धाम से भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन नायक एवं सचिव राजेश रज्जन जैन ने बताया की चतुर्थ कालीन जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव आदिनाथ भगवान की जयंती मंगलवार को चैत्र कृष्ण नवमी को मनाई गई।

इस अवसर पर सुबह 7.30 बजे एक शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे सर्वप्रथम चांदी के रथ में भगवान आदिनाथ को विराजमान कर धार्मिक धुनों पर बाजे गाजे के

साथ नगर भ्रमण करवाया गया। रथ में सारथी बनने का सौभाग्य राकेश कुमार जैन एवं सुजीत जैन को प्राप्त हुआ। पुरुष वर्ग पारंपरिक परिधान कुर्ता पैजामा में एवं महिलाए केसरिया साड़ी में उपस्थित थी।

यह शोभा यात्रा राजधानी रायपुर के मालवीय रोड स्थित बड़ा मंदिर से कोतवाली चौक, सदर बाजार एडवर्ड रोड, गोल बाजार, चिकनी मंदिर होते हुए वापस मालवीय रोड स्थित बड़े मंदिर पहुंची जहा संजय पंडित के दिशा निर्देश में प्रमुख चार इंद्र द्वारा भगवान आदिनाथ को पाण्डुकशिला में विराजमान कर स्वर्ण कलशों में प्रासुक जल भर कर प्रथम अभिषेक किया गया। प्रमुख चार इंद्र बनने का सौभायग्य महेंद्र कुमार सनत कुमार जैन चूड़ी वाला परिवार, आनंद जैन पूर्वा ग्राफिक्स ललिता चौक, प्रभात जैन अर्जुन एनक्लेव, सुनील जैन कचहरी चौक वालों को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात भगवान की रिद्धि सिद्धि सुख शांति चमत्कारिक वृहद शांति धारा की गई जिसे करने का सौभाग्य चंद्रकांत जैन लोकेश जैन बढ़ईपारा एवं महेंद्र कुमार सनत कुमार जैन चूड़ी वाला परिवार को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात देव शास्त्र गुरु पूजन कर भगवान की निर्वाण कल्याणक पूजन कर विसर्जन पाठ कर महा अर्घ्य चढ़ाया गया। अंत में महाआरती की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट एवं कार्यकारिणी कमेटी महिला मंडल के सदस्यो के साथ साथ बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे।

# बसों में रेट लिस्ट और लंबी दूरी की बसों में सीसीटीवी कैमरे लगाएं : एएसपी

## रायपुर पुलिस ने ली यात्री बस संचालक-परिचालकों की बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** एसएसपी संतोष कुमार सिंह के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर ओम प्रकाश शर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर गुरजीत सिंह द्वारा अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड से संचालित होने वाले यात्री वाहन बस संचालक एवं परिचालकों का सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बैठक ली। बैठक में रायल ट्रेवल्स, महिन्द्रा ट्रेवल्स, कांकेर, राजधानी, मनीष, पायल, नरेश, जीवन, नवीन, राधेकृष्ण, सिल्पी, जागीरदार, दुबे, गुप्ता, राजहंस ट्रेवल्स संचालक एवं चालक परिचालक उपस्थित हुए। इस दौरान एएसपी यातायात ओम प्रकाश शर्मा ने बस संचालकों को यात्रियों की सुरक्षा-सुविधा एवं सुगम यातायात व्यवस्था के लिए कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बसों में सुदृष्य स्थान पर रेट लिस्ट (किराया दर) की सूची लगाएं और निर्धारित दर पर ही टिकट काटें। अधिक किराया राशि लेने की शिकायत मिलने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। लंबी दूरी के यात्री बसों में यात्रियों के सुरक्षा हेतु अनिवार्य रूप से

सी.सी.टी.व्ही. कैमरा लगायेंगे।

रायपुर बस स्टैण्ड से छूटने के बाद यात्री बस मार्ग में वाहन खड़ी कर सवारी चढ़ाया जाता है जिससे आम पब्लिक को परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसे देखते हुए बस स्टैण्ड से निकलकर केवल पचपेड़ीनाका एवं टाटीबंध चौंक में ही बस रोककर सवारी चढ़ा सकेंगे। इसके अतिरिक्त कहीं पर भी रोड में वाहन खड़ी कर सवारी चढ़ाते पाये जाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत नो पार्किंग में कार्यवाही की जायेगी। जगदलपुर से आने वाली यात्री बस पचपेड़ीनाका चौंक में सवारियों को उतारती है जिसके कारण चौंक पर यातायात व्यवस्था बाधित होकर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है इस संबंध में निर्णय लिया गया कि अब जगदलपुरसे आने वाले वाहन सीधे बस स्टैण्ड में ही सवारी उतारेंगे।

बैठक के दौरान नगर पालिक निगम से उपस्थित जोन क्रमांक-06 प्रभारी हिमांशु चंद्राकर को बस स्टैण्ड के चारो तरफ यात्रियों एवं वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु सीसीटीव्ही कैमरा लगाने निर्देशित किया गया। बस स्टैण्ड के बाहर हॉकर बसों की सीट बुकिंग करते है, जो कि अनुचित है, अत: इन पर पूर्णत: रोक लगाया जायेगा।

इस दौरान बस संचालकों द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की सहमती दी गयी साथ ही बस स्टैण्ड के आस-पास अवैध हॉकरों द्वारा टिकट कांटा जाता है जिससे अनावश्यक वाद-विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है। बस स्टैण्ड परिसर के आस-पास के हॉकरों को बंद कराने के निवेदन पर तत्काल ओम प्रकाश शर्मा द्वारा थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक दुर्गेश रावटे एवं थाना प्रभारी यातायात बस स्टैण्ड भाठागांव निरीक्षक सिद्धेश्वर प्रताप सिंह को अवैध हाकरों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायुपर ओम प्रकाश शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर गुरजीत सिंह, थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक दुर्गेश रावटे, थाना प्रभारी यातायात भाठागांव बस स्टैण्ड निरीक्षक सिद्धेश्वर प्रताप सिंह, नगर निगम जोन-06 प्रभारी हिमांशु चंद्राकर, छ.ग. परिवहन संघ के अध्यक्ष अनवर अली सहित सभी ट्रेवल्स के संचालक उपस्थित हुए।

# पश्चिम विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने ली बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार रायपुर नगर पश्चिम विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी नवीन कुमार ठाकुर ने सेक्टर अधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजर की संयुक्त बैठक ली।

श्री ठाकुर ने बैठक में दिव्यांग मतदाता और 85 से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर से मतदान करने के संबंध में जानकारी दी। इसके लिए सूची समय सीमा के भीतर बनाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही वोटर हेल्पलाइन के संबंधी में जानकारी दी गई। सरकारी कर्मचारी को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट एवं पोस्टल बैलेट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई और मतदान केंद्र का पुन: निरीक्षण कर आवश्यक उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर राकेश देवांगन और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्कूलों का समय बदला, आदेश जारी

**रायपुर।** राज्य में तेजी से बढ़ती गर्मी को देखकर प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय ने सरकारी और निजी सभी स्कूलों के समय में परिवर्तन किया है। डीपीआई ने बढ़ती गर्मी को देखते हुई ये फैसला लिया है। जारी आदेश के मुताबिक, एक पाली में संचालित प्राथमिक, मिडिल और हायर सेकेंडरी कक्षाएं 7 से 11 बजे तक लगेंगी। वहीं दो पालियों में संचालित प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक कक्षाएं 7 से 11 और हायर सेकेंडरी शालाएं 11 से तीन बजे तक संचालित होंगी।

# लोकसभा चुनाव में लगेंगे 12 हजार बस-ट्रक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए वाहन अधिग्रहण शुरू हो गया है। चुनाव को ध्यान में रखते हुए वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। मंगलवार को पुलिस लाइन से 70 बसों के अलावा डेढ़ सौ माल वाहक वाहन अधिग्रहण कर गंतव्य स्थानों के लिए रवाना किया गया। परिवहन विभाग के अफसर के मुताबिक राज्य में होने वाले तीन चरण के मतदान के लिए 12 हजार वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा।

राज्य में शांतिपूर्ण चुनाव कराने सुरक्षा बल भी पहुंचने लगे हैं। मंगलवार को अर्ध सैनिक बलों की 40 कंपनी रायपुर पहुंची। रायपुर पहुंचे अर्ध सैनिक बलों को प्रथम चरण चुनाव कराने बस्तर के लिए रवाना किया गया। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से बस्तर में वहां पहले से तैनात पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों के अलावा अतिरिक्त बल भेजे जाने की व्यवस्था की गई है।

जिन स्थानों में मतदान होना है, वहां पहले से फोर्स तैनात किए जाएंगे।

राज्य में जब मतदान होगा, उस समय विवाह का सीजन रहेगा। शादी के सीजन होने की वजह से ग्रामीण से लेकर शहरी इलाकों में रहने वाले लोगों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर आवाजाही बढ़ जाएगी। चुनाव में वाहनों के अधिग्रहण करने की वजह से यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान पहुंचने परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### सबसे ज्यादा बसों का होगा अधिग्रहण

लोकसभा चुनाव कराने जिन वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है, उनमें सबसे ज्यादा संख्या बसों की है। जिन वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा, उनमें छह हजार बस शामिल हैं। इसके साथ ही चुनाव कार्य कराने में लगे अफसर कर्मियों के लिए साढ़े तीन हजार कार, जीप का अधिग्रहण किया जाएगा। साथ ही ढाई हजार मालवाहक वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा।

अपने पुरखों को पुष्पांजलि देकर की प्रार्थना

# पैशन वीक संजीदगी व आत्मिक सभा का हुआ समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी में पैशन वीक संजीदगी व आत्मिक सभाओं के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान गुड फ्राइडे व ईस्टर पर भी विशेष आराधनाएं हुईं। सेंट पॉल्स कैथेड्रल में युवाओं को धर्म शिक्षा दी गई। इसके बाद उन्हें छत्तीसगढ़ डायसिस के बिशप द राइट रेवरेंड एसके नंदा द्वारा दृढ़ीकरण (कंफर्मेशन) का पवित्र संस्कार देकर पूर्ण मसीहियत में शामिल किया गया।

इन युवाओं में डिंपल प्रधान, सुनीला मसीह, मानसी दास, रिया रॉय, स्नेहा रॉय, एवलिन एंजल साइमन, एलिशा बलदू, प्रियंका ए. मसीह, एनोश कुमार मसीह, अनुरिका बाघे, प्रिंयाशु ए. मसीह, रितिक मसीह, राकेश मसीह, जियोन बानवर, आर. श्रेयांशु, सनित मसीह, विजेंद्र सिंह दयाल, सुजीत मार्टिन, आर्यन मसीह, मानस दास, आस्टिन सिंह, अविनाश जेकब, आकाश कुमार वानी, वैभव रॉय, जिया जेम्स, वेनिसा जयदीप, श्रेष्ठ, आर्यन सिंह शामिल हैं। प्रभु यीशु के पुनरूत्थान पर्व पर पहली बार राजधानी में सेंट पॉल्स कैथेड्रल, ग्रेस चर्च, सेंट मैथ्यूस चर्च, सेंट जेकब चर्च जोरा व

प्रार्थना भवन खड़वा नवा रायपुर में ईस्टर फैलोशिप लंच हुआ। इसका आयोजन छत्तीसगढ़ डायसिस के सचिव नितिन लॉरेंस व कोषाध्यक्ष जयदीप रॉबिंसन द्वारा किया गया था। इससे पूर्व ग्रेवयार्ड में सन राइस सर्विस में मसीहियों का हुजूम उमड़। उन्होंने अपने पुरखों को पुष्पांजलि देकर प्रार्थना की। ईस्टर की विशेष आराधना का संचालक पादरी सुनील कुमार व पादरी सुशील मसीह ने किया। पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल ने शास्त्र पठन किया। कैथेड्रल की सचिव रूचि धर्मराज व कोषाध्यक्ष किरण सिंह व सदस्य दीपक गिडियन ने उपवासकाल व दुखभोग सप्ताह की रिपोर्ट दी। इस अवसर पर पास्ट्रेट कोर्ट, पास्ट्रेट कमेटी, संडे स्कूल, महिला सभा, युवा सभा, क्वायर, चर्च स्टाफ के सदस्य विशेष रूप से शामिल हुए। मुख्य वक्ता डॉ. विवर्त लाल ने संदेश दिया। उनके गायन दल ने भजनों से भक्ति की। ईस्टर की संध्या पर पास्ट्रेट यूथ फैलोशिप द्वारा ईस्टर फीस्ट का आयोजन भी किया गया। पादरी एच. तिमोथी, पादरी ए.पी. विक्रम, पादरी अब्राहम दास, पादरी समीर फ्रेंकलिन, पादरी शैलेश सोलोमन, पादरी प्रणय टोप्पो, पादरी वी मसीह, डीकन एमआर पतरस, डीकन मनशीष केजू, डीकन जीवन मसीह, सेवक एश्वर्य लिविंस्टन भी शामिल हुए।

# भारत निर्वाचन आयोग ने किए प्रेक्षक नियुक्त

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में आम निर्वाचन के लिए सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। आयोग ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2005 बैच के अधिकारी डॉ. एमटी रेजु को सामान्य प्रेक्षक, भारतीय पुलिस सेवा के 2011 बैच के अधिकारी एम. राकेश चंद्र कलासागर को पुलिस प्रेक्षक और भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के 2014 बैच के अधिकारी संदीप मोंडल को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है।

भारत निर्वाचन आयोग ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के शशि रंजन को सामान्य प्रेक्षक, भारतीय पुलिस सेवा के 2014 बैच के अधिकारी योगेन्द्र कुमार को पुलिस प्रेक्षक तथा भारतीय प्रतिरक्षा लेखा सेवा के प्रवीण रंजन को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2004 बैच के अधिकारी डॉ. समित शर्मा को सामान्य प्रेक्षक एवं भारतीय पुलिस सेवा के 2011 बैच के अधिकारी एम. राकेश चंद्र कलासागर को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय राजस्व सेवा के 2014 बैच के अधिकारी मनीष कुमार डबास को तथा धमतरी और गरियाबंद जिले के लिए भारतीय राजस्व सेवा के 2016 बैच के अधिकारी राम प्रभु उदय आर. को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

### बढ़ते वजन ही नहीं आधा दर्जन समस्याओं से छुटकारा दिलाएगा नारियल पानी

# गर्मी में रोजाना पिएं

नारियर पानी सेहत बेहद फायदेमंद और हेल्दी होता है। इसमें कैलोरी बहुत कम होता है और इसे पीने के बाद काफी देर तक पेट भरा भी रहता है। इससे मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और वजन कंट्रोल करने में मदद मिलती है। कोकोनट वॉटर में इलेक्ट्रोलाइट भरपूर होता है, जिससे शरीर में पानी की कमी नहीं होती है। इस पानी को पीने से वजन तो कम होता ही है, कई समस्याएं भी शरीर से दूर रहती हैं। जानिए नारियल पानी के क्या-क्या फायदे हैं।

### मेटाबॉलिज्म बढ़ाए

वेट लॉस करना है तो फैट मेटाबॉलिज्म दुरुस्त होना चाहिए। ऐसे में नारियल पानी में मौजूद कंपाउंड्स फैट मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में हेल्प करते हैं, जिससे ज्यादा कैलोरी बर्न होती है और वजन तेजी से कम होता है।

### पाचन तंत्र दुरुस्त बनाए

नारियल पानी पीने से पाचन तंत्र मजबूत बनता है। इससे खाना बेहतर तरीके से पचता है। इससे शरीर को वे सभी जरूरी तत्व मिल जाते हैं, जो एक्स्ट्रा फैट को जमा नहीं होने देते हैं। जिससे वजन भी नहीं बढ़ने पाता है।

## नारियल पानी के 6 जबरदस्त फायदे

### कैलोरी करे कम

नारियल पानी में काफी कम कैलोरी होती है। इसे पीने से शरीर को जबरदस्त एनर्जी मिलती है। इसीलिए वजन कम करने की चाहत रखने वालों के लिए यह शानदार विकल्प माना जाता है। इससे पेट भी लंबे समय तक भरा-भरा रहता है।

### हाइड्रेशन में हेल्प करे

नारियल पानी पाने से शरीर हाइड्रेट रहता है। इसमें इलेक्ट्रोलाइट्स पाए जाते हैं, जो वेट को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। शरीर हाइड्रेटेड होने से कमजोरी फील नहीं होती। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, एक्सरसाइज से पहले या बाद में नारियल पानी जरूर पीना चाहिए।

### भूख कम करे

ज्यादा खाने की वजह से वजन तेजी से बढ़ जाता है। ऐसे में नारियल पानी काम आता है। इसमें मौजूद तत्व लंबे समय तक आपके पेट को भरा रखने में मदद करते हैं। इससे खाना ज्यादा नहीं होता है और वजन तेजी से कम होता है।

### पोषण मिलता है

नारियल पानी पोषक तत्वों का खजाना होता है। इसमें मैग्नीशियम, कैल्शियम, पोटेशियम और विटामिन सी जैसे जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं। ये सभी सेहत के लिए जबरदस्त फायदेमंद होते हैं, जो मेटाबॉलिज्म में सुधार कर फैट आसानी से निकाल देते हैं।

# श्रीदेवी की बायोपिक नहीं बनाना चाहते बोनी कपूर

श्रीदेवी ना सिर्फअपनी खूबसूरती बल्कि अपने टैलेंट से भी दर्शकों का दिल जीत लेती थीं। एक्ट्रेस ने अपने करियर में एक से बेहतर एक और हिट फिल्में दी हैं। उनके निधन के बाद फैंस उनकी स्टोरी को बड़े पर्दे पर देखना चाहते हैं।

बोनी कपूर की फिल्म मैदान रिलीज होने वाली है। अजय देवगन स्टारर इस फिल्म को बोनी प्रोड्यूस कर रहे हैं जिसका वह जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं और खूब इंटरव्यूज दे रहे हैं। अब बोनी से हाल ही में श्रीदेवी की बायोपिक को लेकर सवाल पूछा गया। दरअसल, फैंस काफी समय से डिमांड कर रहे हैं कि श्रीदेवी की बायोपिक बने तो जब बोनी से पूछा गया तो उन्होंने ऐसा कुछ कहा जिसे सुनकर फैंस दुखी होंगे।

### श्रीदेवी पर कभी बायोपिक नहीं बनने दूंगा-बोनी कपूर

बोनी ने कहा, 'श्रीदेवी काफी प्राइवेट इंसान थीं और उनकी लाइफ को प्राइवेट में रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शायद ही फिल्म की बायोपिक बनेगी और जब तक मैं जिंदा हूं मैं ऐसा होने नहीं दूंगा।' बता दें कि श्रीदेवी ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। वह लास्ट फिल्म मां में नजर आई थीं जो साल 2017 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी और श्रीदेवी की परफॉर्मेंस को काफी पसंद किया गया था। इस फिल्म के लिए श्रीदेवी को नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। हालांकि अवॉर्ड लेने से पहले श्रीदेवी का निधन हो गया था। बोनी, जाह्नवी और खुशी ने श्रीदेवी की जगह ये अवॉर्ड लिया था। इसके बाद श्रीदेवी फिल्म जीरो में कैमियो करती दिखी थीं जो साल 2018 में रिलीज हुई थी।

### 300 फिल्मों में किया काम

श्रीदेवी ने बॉलीवुड करियर की शुरुआत साल 1978 में फिल्म 'सोलहवां सावन' से की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्म 'हिम्मतवाला' में काम किया। उन्होंने अपने 40 साल के करियर में लगभग 300 फिल्मों में काम किया और एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दीं। हिंदी फिल्मों के अलावा श्रीदेवी तेलुगु, तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में नजर आईं। सिनेमा में योगदान के लिए उन्हें 2013 में पद्मश्री भी मिला था। वो बॉलीवुड की पहली सुपरस्टार मानी जाती थीं। उनकी आखिरी फिल्म 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'जीरो' थी जिसमें उन्होंने एक कैमियो किया था।

### श्रीदेवी का निधन

श्रीदेवी का निधन 24 फरवरी 2018 दुबई में हुआ था। उनके निधन से फैंस को झटका लगा था। बाद में श्रीदेवी का पार्थिव शरीर भारत लाया गया था और यहीं उनका अंतिम संस्कार किया गया था। जाह्नवी, खुशी और बोनी आज भी श्रीदेवी को काफी मिस करते हैं।

# 'हीरामंडी' में सोनाक्षी ने चलाया अदाओं का जादू

### भंसाली की वेब सीरीज का दूसरा गाना रिलीज

### हीरामंडी का लेटेस्ट सॉन्ग हुआ रिलीज

हीरामंडी वेब सीरीज का कुछ दिन पहले फर्स्ट सॉन्ग 'सकल बन' रिलीज किया गया, जिसे फैंस ने काफी सराहा। ऐसे में अब हीरामंडी का दूसरा सॉन्ग तिलस्मी बाहें रिलीज किया गया है। इस गाने में सोनाक्षी सिन्हा अपने हुस्न का जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं। जबकि संजय लीला भंसाली का म्यूजिक इस गाने को और भी ज्यादा शानदार बना रहा है।

सिंगर सरमिष्ठा चटर्जी ने तिलस्मी बाहें को अपनी मधुर आवाज दी है, इसके साथ ही गीतकार एएम तुराज ने इसको लिखा है। कुल मिलाकर कहा जाए तो हीरामंडी का ये सॉन्ग काफी कमाल है और सुनने पर ये आपको आनंद की अनुभूति देगा। आलम ये है कि रिलीज होने के साथ ही सोशल मीडिया पर हीरामंडी का तिलस्मी बाहें गाना खूब जा रहा है। भंसाली म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुई इस गाने को फैंस की तरफसे जमकर लाइक मिल रहे हैं।

### कब रिलीज होगी हीरामंडी

संजय लीला भंसाली की हीरामंडी में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसी अदाकाराएं शामिल हैं। इस वेब सीरीज में पाकिस्तान के रेड लाइट एरिया की वेश्याओं की कहानी का दर्शाया जाएगा। हांलाकि अभी तक इसकी रिलीज डेट नहीं आई है, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि 1 मई को ये सीरीज नेट फ्लिक्स पर रिलीज की जा सकती है।

निर्देशक संजय लीला भंसाली की अपकमिंग वेब सीरीज हीरामंडी को लेकर लंबे वक्त से चर्चाएं चल रही हैं। कुछ समय पहले हीरामंडी का फर्स्ट लुक वीडियो आउट किया गया है। इस बीच अब मल्टीस्टारर इस सीरीज का दूसरा गाना तिलस्मी बाहें रिलीज कर दिया गया है। सोनाक्षी सिन्हा पर फिल्माए इस गाने ने आते ही सोशल मीडिया पर धमाल मचाना शुरू कर दिया है।

एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के दिग्गज फिल्ममेकर में शुमार संजय लीला भंसाली का नाम लंबे वक्त से उनकी पहली वेब सीरीज हीरामंडी को लेकर चर्चा में बना हुआ है। बी टाउन की फेमस अभिनेत्रियों से सजी हीरामंडी की पहली झलक को देखने के बाद फैंस इसका बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में अब भंसाली की डेब्यू सीरीज का एक और नया गाना रिलीज कर दिया गया।

इस गाने के बोल तिलस्मी बाहें हैंऔर इसे सोनाक्षी सिन्हा पर फिल्माया गया है। जिस तरह से सोनाक्षी ने अपनी कातिलाना अदाओं का जलवा इस गाने में बिखेर रही हैं, वो देखने के काबिल है।

# प्रियंका चोपड़ा के भाई सिद्धार्थ का हुआ रोका

### जानें कौन हैं देसी गर्ल की होने वालीं भाभी?

ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा के भाई और बिजनेसमैन सिद्धार्थ चोपड़ा का रोका हो गया है। इस बात की जानकारी अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज के जरिए दी। देसी गर्ल ने भाई के रोका समारोह की बेहतरीन तस्वीर साझा कर जोड़े को उनकी नई शुरुआत के लिए बधाई दी। सिद्धार्थ ने भी हाल ही में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर रोका समारोह की तस्वीरें साझा करके अभिनेत्री नीलम उपाध्याय के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक बना दिया।

प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर सिद्धार्थ और

नीलम की रोका सेरेमनी की एक तस्वीर साझा की और लिखा, 'बधाई सिद्धार्थ चोपड़ा और नीलम उपाध्याय। हमारा सारा प्यार और आशीर्वाद।' इसके साथ ही अभिनेत्री ने हैशटैग रोकाफाइड का भी इस्तेमाल किया। प्रियंका ने एक और तस्वीर साझा की जिसमें वह, उनके पति निक जोनस, सिद्धार्थ और नीलम, सभी ट्रेडिशनल आउटफिट में बेहद प्यारे लग रहे हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'उन्होंने यह किया..हैप्पी रोका।'

सिद्धार्थ चोपड़ा और नीलम उपाध्याय ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने रोका समारोह की तस्वीरें साझा कीं और उन्हें कैप्शन दिया, 'तो हमने यह कर दिया।' तस्वीरों में सिद्धार्थ एक शानदार ब्लश गुलाबी शेरवानी में नजर आ रहे हैं, जबकि नीलम बैंगनी रंग की एथनिक पोशाक में उनके साथ जंच रही हैं।

प्रियंका के परिवार और इंडस्ट्री के दोस्तों ने जोड़े को बधाई देते हुए कमेंट सेक्शन में अपनी प्रतिक्रिया दी। सिद्धार्थ की चचेरी बहन और अभिनेत्री मीरा चोपड़ा ने लिखा, 'सबसे अच्छी खबर..आप दोनों और परिवार बहुत खुश हैं। बहुत-बहुत बधाई।' अभिनेत्री पूजा बनर्जी ने लिखा, 'अरे वाह।'

नीलम उपाध्याय एक अभिनेत्री हैं जिन्होंने कुछ तमिल और तेलुगु फिल्मों जैसे 'एक्शन 3डी', 'उन्नोडु ओरु नाल' और 'ओम शांति ओम' में अभिनय किया है। कथित तौर पर दोनों कुछ सालों से डेटिंग कर रहे हैं। हालांकि, यह पहली बार नहीं है कि सिद्धार्थ की शादी की योजना ने सुर्खियां बटोरी हैं। कनिका माथुर के साथ सिद्धार्थ की शादी 2015 में रद्द कर दी गई थी। बाद में उन्होंने 2019 में अपने रोका समारोह के बाद इशिता कुमार से शादी करने की अपनी योजना की घोषणा की, जिसे भी रद्द कर दिया गया।

# ये एक्ट्रेस 41 साल की उम्र में बनने जा रही हैं मां

### 41 साल की उम्र में देंगी बच्चे को जन्म

अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी की स्टारर फिल्म आवारा पागल दीवाना तो आपको याद ही होगी। इस फिल्म में खूबसूरत एक्ट्रेस आरती छाबड़िया भी नजर आई थी। हालांकि, एक्ट्रेस काफी समय से फिल्मी पर्दे से दूर है, लेकिन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अब अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ एक गुड न्यूज शेयर की है, जिसमें उन्होंने बताया है कि वह जल्द मां बनने वाली है।

आरती छाबड़िया शादी के पांच साल बाद मां बनने जा रही हैं। 41 साल की उम्र में अभिनेत्री अपने पहले बच्चे का स्वागत करती नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना वीडियो शेयर किया है जिसमें वह बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। क्ट्रेस काफी समय से फिल्मी पर्दे से दूर है लेकिन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।

### आरती छाबड़िया ने शेयर किया बेबी बंप

आरती छाबड़िया शादी के पांच साल बाद मां बनने जा रही हैं। 41 साल की उम्र में अभिनेत्री अपने पहले बच्चे का स्वागत करती नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। इस दौरान एक्ट्रेस ऑल ब्लैक लुक में नजर आ रही हैं। उन्होंने ब्लैक कलर का गाउन पहना है और कैप्शन में लिखा- यहीं वह जगह है जहां मैं रह रही हूं... सृजन, पोषण और अपने जीवन की सबसे खूबसूरत वास्तविक जीवन भूमिका में विकसित होने पर ध्यान केंद्रित करने वाले सर्वोत्तम महीनों का आनंद ले रही हूं।

### कौन हैं आरती छाबड़िया के पति

बता दें, एक्ट्रेस ने 23 जून 2019 को विशारद बीडासी से शादी की थी। विशारद बीडासी ऑस्ट्रेलिया स्थित कंपनी में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। इस कपल ने अरेंज मैरिज की थी। आरती शादी के बाद पति संग ऑस्ट्रेलिया में ही रह रही हैं।

### एक्ट्रेस की फिल्में

आरती छाबड़िया ने कई फिल्मों में काम किया है। उन्होंने हिंदी फिल्मों के अलावा पंजाबी फिल्मों में भी काम किया है। आरती ने फिल्म 'लज्जा' से डेब्यू किया था। इसके अलावा वह फिल्म आवारा पागल दीवाना, तुमसे अच्छा कौन है, शादी नंबर 1, शूटआउट एट लोखंडवाला जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

### रणबीर कपूर स्टारर: एक्ट्रेस आकृति सिंह ने शेयर किया फोटो

# 'रामायण' की शूटिंग शुरू हुई

डायरेक्टर नितेश तिवारी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'रामायण' पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम और साउथ की एक्ट्रेस साई पल्लवी माता सीता के रोल में नजर आएंगी। हाल ही में फिल्म के प्रेप सेशन से रणबीर की कुछ तस्वीरें वायरल हुई थीं। अब माना जा रहा है कि बुधवार 3 अप्रैल से मुंबई में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

सोशल मीडिया पर फिल्म के सेट से एक तस्वीर वायरल है, जिसे एक्ट्रेस आकृति सिंह ने शेयर किया है। फिल्म के सेट के बाहर से दो फोटोज शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, 'रामायण डे 1'। आकृति ने सेट से जो फोटो शेयर किए उसमें एक अंडर कंस्ट्रक्शन सेट नजर आ रहा है। इसे पूरी तरह से कवर किया गया है पर इसमें पुराने जमाने के पिलर्स और मंदिर का स्ट्रक्चर नजर आ रहा है। पिंकविला की एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि फिल्म सिटी में गुरुकुल का सेट तैयार हो चुका है। यहां फिल्म के फर्स्ट शेड्यूल में राम, लक्ष्मण और भरत के बचपन का किरदार निभाने वाले चाइल्ड आर्टिस्ट शूटिंग कर रहे हैं। वहीं एक्टर शिशिर शर्मा इसमें गुरु वशिष्ठ के रोल में नजर आएंगे। जल्द ही रणबीर भी इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

### फिल्म से जुड़े कई एक्टर्स के नाम

पिछले हफ्ते ही इस फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई थी। चर्चा थी कि फिल्म में 'दंगल' फेम एक्ट्रेस साक्षी तंवर को रावण की पत्नी मंदोदरी का किरदार निभाने के लिए कास्ट किया है। वो इसमें यश के अपोजिट नजर आएंगी। इससे पहले एक्ट्रेस इंद्रा कृष्णा ने रणबीर कपूर के साथ सेल्फी शेयर की थी। चर्चा है कि वो इस फिल्म में भगवान राम की माता रानी कौशल्या का किरदार निभाएंगी।

### रणबीर के साथ एक्ट्रेस इंद्रा कृष्णा

इस फिल्म में साउथ के सुपरस्टार यश, रावण का रोल करेंगे। वो जुलाई 2024 में फिल्म की शूटिंग जॉइन करेंगे। मेकर्स इस फिल्म के पहले पार्ट को साल 2025 के सेकेंड हाफ तक रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं।

# क्या सच में तापसी ने बसा लिया है घर?

बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। कुछ दिनों पहले दावा किया गया कि अभिनेत्री ने मैथियास बोए के साथ शादी रचा ली है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि कहीं से नहीं हुई है। शादी की खबरों के बाद वीडियो सामने आया है, जो तापसी की शादी का बताया जा रहा है। हालांकि, वीडियो को लेकर भी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

तापसी की शादी का बताया जा रहा यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें तापसी दुल्हन के लिबास में नजर आ रही हैं। एंट्री के दौरान एक्ट्रेस डांस करती हुई दिखाई दे रहीं हैं, जबकि माथियास उनका स्टेज पर इंतजार करते दिखाई दिए हैं। इस वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि तापसी पन्नू दुल्हन के गेटअप में बेहद प्यारी दिख रहीं हैं। एंट्री के दौरान एक्ट्रेस डांस करती हुई दिखाई दे रहीं हैं, जबकि मैथियास बोए उनका स्टेज पर इंतजार करते दिखाई दिए। हालांकि, तापसी की तरफसे कोई भी आधिकारिक जानकारी नहीं आई है, ना ही कोई फोटो और ना ही कोई वीडियो। उन्होंने अभी तक इस बात का खुलासा भी नहीं किया है कि उन्होंने शादी कर ली है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में बीते काफी समय से यह खबरें सामने आ रही हैं।

आखिरकार शूट में तापसी पन्नू का वेडिंग लुक सोशल मीडिया पर लीक हो गया है। उनका यह पहला शादी का वीडियो है जो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जो एक्ट्रेस ने खुद शेयर नहीं किया, बल्कि लीक हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तापसी और मैथियास बोए ने 23 मार्च को उदयपुर में सात फेरे लिए थे। शादी में उनके परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त ही शामिल थे।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### मतदाता जागरूकता में सम्मानित हुए नवविवाहिता वधु, वरिष्ठ नागरिक एवं युवा

**भिलाई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में लोगो के शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने तथा मतदान करवाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत भिलाई नगर निगम सीमा क्षेत्र के विधानसभा क्रमांक 65 भिलाईनगर के 16 स्थानो में नवविवाहता वधु, युवा मतदाता एवं वरिष्ठ नागरिको का सम्मान किया गया। विधानसभा 65 भिलाईनगर के सहायक रिर्टर्निंग आफिसर एवं डिप्टी कलेक्टर योगिता देवांगन, भिलाई नगर के तहसीलदार पंचभाई गुरूदत्त ने वरिष्ठ नागरिको, नवविवाहता वधु का तिलक लगाकर सम्मान किया एवं आने वाले लोकसभा चुनाव में स्वयं के मतदान के साथ लोगो को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया।

### राज्य पॉवर जनरेशन कंपनी के देश में अव्वल आने पर मुख्यमंत्री की बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 84. 45 प्रतिशत पी.एल.एफकी उपलब्धि अर्जित करने और इसके साथ ही प्रथम बार देश में, स्टेट सेक्टर में प्रथम स्थान हासिल करने को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अत्यंत गौरवशाली निरूपित किया है। इसके लिए उन्होंने राज्य पॉवर जनरेशन कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा है कि यह सुशासन के प्रति उनके दृढ़ संकल्पों और तत्परता का परिणाम है। सी.ई. ए द्वारा राज्य क्षेत्र में संचालित देश की 33 उत्पादन कंपनियों, निगमों-मंडलों के बीच छत्तीसगढ़ का प्रथम आना वास्तव में छत्तीसगढ़वासियों की प्रतिभा, कार्यकुशलता, कार्य के प्रति समर्पण और छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों का प्रतिफल है।

### कलेक्टर ने डाक मत के लिए अनिवार्य सेवा मतदाता के संबंध में बैठक लिया

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अनिवार्य सेवा कर्मी द्वारा किए जाने वाले डाक मत पत्र के संबंध में बैठक लिया। बैठक में कलेक्टर साहू ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किये जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं। अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है, केवल उनके लिए डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाती है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होगा। ऐसे में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कर्मियों को अधिसूचना दिनांक 12 अप्रैल 2024 से 17 अप्रैल 2024 के बीच आवेदन करना होगा। प्रारूप 12घ में आवेदन करने वाले कर्मचारी को आवेदन में अपना मोबाइल नम्बर, वोटर आईडी नंबर एवं मतदाता सूची में भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही-सही दर्ज करना होगा।

# आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराएं - डॉ. जे.गणेशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत् बस्तर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 10 के सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे.गणेशन सहित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिपिन मांझी द्वारा जिले निर्वाचन संबंधित नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराएं।**

सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे.गणेशन ने कहा कि निर्वाचन प्रकिया में शामिल होने वाले अभ्यर्थी और राजनीतिक दलों द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण रूप से मतदान संपन्न कराने में सहयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत, सुझाव और सहयोग के लिए उपलब्ध है। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्रों में सबसे पहले मॉकपोल कर सीआरसी भी करें ताकि ईव्हीएम में निर्वाचन उम्मीदवारों को सही वोट मिल सके। सामान्य प्रेक्षक डॉ.गणेशन ने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बस्तर अंतर्गत नारायणपुर विधानसभा के सभी 265 मतदान कन्द्रों की जानकारी लेते हुए संवेदनशील, अति संवेदनशील और सामान्य मतदान केन्द्रों में मतदान दलों को पहुंचाने के लिए व्यवस्था की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बिपिन मांझी ने जानकारी देते हुए बताया कि नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र तीन जिलो में फैला हुआ है। नारायणपुर जिले में 127, कोण्डागांव में 56 और बस्तर जिले में 82 मतदान केन्द्र बनाया गया है, जिसके लिए ईव्हीएम की व्यवस्था पर्ण कर ली गई है। सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे गणेशन ने निर्वाचन संबंधी नोडल अधिकारी जिसमें विडियो निगरानी, विडियो अवलोकन, व्यय अनुवीक्षण, शराब अनुवीक्षण, नियंत्रण कक्ष, मतदान सामाग्री वितरण, नोडल अधिकारी ईव्हीएम, एमसीसी, डाकमत पत्र और एमसीएमसी, वेबकास्टिंग, सीवीजील, माईक्रो आर्ब्जवर इत्यादि से जानकारी लेते हुए लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिये। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू किये गये आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पोस्टल बैलेट की जानकारी ली गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने जानकारी देते हुए बताय कि जिले के संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्र के मतदान केन्द्रों मे मतदान दलों को सुरक्षित लाने जे जाने हेतु व्यवस्था की गई है। उन्होंने जिले के सीमावर्ती मतदान केन्द्रों की नक्शा के माध्यम से रूट चार्ट की जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, उप पुलिस अधीक्षक रोबिनसन गुरिआ, सहायक रिटर्निंग आफिसर अभयजीत मण्डावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुमित गर्ग, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, तहसीलदार नारायणपुर अविनाश कुजुर, तहसीलदार ओरछा सौरभ कश्यप, सहित अन्य निर्वाचन संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### सामान्य प्रेक्षक जे गणेशन ने किया स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे गणेशन ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के लिए स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय नारायणपुर में निर्मित स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान पश्चात् रखे जाने वाले ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित एवं उनकी निगरानी के लिए सुनिश्चित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिपिन मांझी ने संपूर्ण स्थल में सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की जानकारी सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे गणेशन को दी। सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे गणेशन ने निरीक्षण करते हुए सामग्री वितरण, सामग्री मिलान, पार्किंग, स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष आदि की समुचित व्यवस्था की जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# टी. ज्योति के गीत के पोस्टर का साय ने किया विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दल्ली राजहरा।** नगर की पार्षद और उभरती हुई गायिका टी. ज्योति के गीत 'फिर इस बार मोदी सरकार' के पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया।

भाजपा प्रदेश कार्यसमीति सदस्य यशवंत जैन, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू व छत्तीसगढ़ के कला जगत के भीष्म पितामह मोहन सुंदरानी के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित का हिन्दी सॉन्ग का पोस्टर विमोचन मुख्यमंत्री के कर कमलों से हुआ। इस गीत के बोल है फिर इस बार मोदी सरकार।

इस गीत के गीतकार व संगीतकार भुवन साहू, गायिका छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित ज्योति सोनी टी. ज्योति हैं। इस गीत के माध्यम से ज्योति सोनी ने नरेंद्र मोदी के योजनाओं को बताने का प्रयास किया है। इस गीत को आप सभी मोहन सुंदरानी यू ट्यूब चैनल में सुन सकते हैं। ज्योति सोनी एक वर्ष में 30 लोकगीत सुंदरानी यू ट्यूब चैनल के माध्यम से गा चुकी है। और आगे भी जारी रखेंगी। पूरे छत्तीसगढ़ में ज्योति सोनी के के गाए गीतों को छत्तीसगढ़ के लाखों लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

**मांगें भी रखी टी. ज्योति ने:** पार्षद टी ज्योति ने नगर पालिका से संबंधित समस्याओं की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी। वार्ड 26 नेहरू नगर रेलवे भूमि के ग्राउंड पर मिनी स्टेडियम बनाने, स्टेशन रोड में प्रवेश द्वार बनाने, ओपन जिम व नगर के चौक चौराहों के स्ट्रीट लाइट में हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था करने, केंद्रीय विद्यालय खोलने व जल आवर्धन की व्यवस्था करने, गरीबी रेखा के तहत नहीं आने वाले विकलांगो के लिए पेंशन की व्यवस्था, कला केंद्र का सौंदर्यीकरण कराने की मांग टी. ज्योति ने मुख्यमंत्री से की।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया गया जागरूक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा है। इसी के तहत आज ग्राम नंदनमारा में बिटिया आग्रह टोली द्वारा 'जागरूक रहेगा कांकेर, मतदान करेगा कांकेर' का नारा लगाते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए निर्धारित मतदान दिवस की तिथि 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान करने का आग्रह किया गया। चारामा विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल परसोदा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागोडार के विद्यार्थियों द्वारा स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इसी प्रकार जिले के ग्राम पंचायत बोगर, विनायकपुर, मालगांव, मरकाटोला में मनरेगा के तहत कार्यस्थलों में श्रमिकों को 'जागरूक रहेंगे मजदूर-मतदान करेंगे।

# विभागीय नियम अनुसार आवेदन का निराकरण करें - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के कार्यों के प्रगति के संबंध में समय सीमा की बैठक ली। बैठक में श्री साहू ने सभी विभागों से प्राप्त आवेदनों, शिकायतों, मांग आदि के संबंध में एक-एक कर सभी का निराकरण के लिए अधिकारियों से किए गए कार्यवाही से आमने-सामने बातचीत किया।

बैठक में जिले के हितग्राही पेंशन, सड़क निर्माण के दौरान वृक्ष कटाई का मुआवजा, राजस्व के नामांतरण, सीमांकन, व्यवस्थापन, किसानों का केवायसी, केसीसी, खनिज उत्खनन और शिकायत, स्वास्थ्य अंतर्गत सिकलसेल, न्यायालय प्रकरण आदि के संबंध

मे विस्तार से चर्चा किया गया।

कलेक्टर श्री साहू ने कहा कि किसी भी विभाग में मांग, शिकायत, आवेदन प्राप्त होता है तो उसे विभागीय नियम अनुसार उनका निराकरण करें। श्री साहू ने सड़क दुर्घटना के एक प्रकरण में तहसीलदार पूनम तिवारी को कहा कि प्रकरण की क्या स्थिति है। इसके साथ ही सरिया के एक सड़क दुर्घटना के मुआवजा के संबंध में कलेक्टर ने तहसीलदार शनि पैकरा से उस प्रकरण के स्थिति के संबधं में जानकारी लिया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना के पीड़ित परिवार को राजस्व पुस्तक परिपत्र के अनुसार सहायता देना है ही। इसके साथ ही उनके परिजनों को वाहन दुर्घटना बीमा क्लेम की राशि के लिए कोर्ट में आवेदन करने के लिए समझाईश देने के निर्देश दिए। तहसीलदार श्री शनि पैकरा ने बीमा क्लेम के संबंध में कोर्ट में अर्जी के लिए पीड़ित परिवार को समझाइश दिए जाने की जानकारी कलेक्टर श्री साहू को दिए। कलेक्टर श्री साहू ने अपेक्स और कृषि विभाग के अधिकारियों से केसीसी, धान बीज, केवायसी, आधार सीडिंग आदि के संबंध में जानकारी लिया। बैठक में श्री साहू ने अपेक्स बैंक को किसानों को एटीएम कार्ड दिए जाने के संबंध में आवश्यक तैयारी के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने सीएमएचओ अवधेश पाणिग्राही से सिकलसेल बीमारी के संबंध में व्यापक जनजागरूकता के लिए कहा, ताकि वे विवाह के पूर्व अपने जीवनसाथी के चयन के पूर्व सिकलसेल की जांच कराकर इस बीमारी के रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, नोडल अधिकारी स्वीप हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ श्री अवधेश पाणिग्राही, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बैनर्जी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी बृजेन्द्र ठाकुर, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, मार्कफेड अधिकारी मनोज यादव, सहायक पंजीयक व्यासनारायण साहू, कार्यपालन अभियंता विद्युत नरेन्द्र नायक, जिला प्रबंधक खाद्य, आबकारी अधिकारी सोनल नेताम, कोषालय अधिकारी चन्द्रपाल सिंह ठाकुर, समाज कल्याण अधिकारी विनय तिवारी, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, लीड बैंक अधिकारी सुरेश दामके, सीएमओ राजेश पांडेय,मधुलिका चंदेल, अनिल सोनवानी, बीईओ नरेश चौहान, एसडीओ पीएचई कमल कंवर, एसडीओ पीडब्ल्यूडी विग्नेश कुमार, तहसीलदार शनि पैकरा, कमलेश सिदार सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा तुमड़ीबोड़ में स्वीप संगोष्टी आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल को जिले में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप द्वारा विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में आज कृषि, सहकारिता विभाग एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा तुमड़ीबोड़ में स्वीप संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्वीप संगोष्ठी में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं जनसामान्य उपस्थित थे। स्वीप संगोष्ठी में अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं जनसामान्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्भीक होकर, धर्म, मूलवंश,

जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग की शपथ दिलाई गई।

उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय द्वारा स्वीप संगोष्ठी में मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों से अवगत करते हुए लोकतंत्र के महापर्व के संबंध में जानकारी दी गई। संगोष्ठी कार्यक्रम में नागरिकों को लोकतंत्र में संसद की भूमिका, संसद के कार्य सहित अन्य संवैधानिक कार्यों के संबंध में आवश्यक जानकारियां दी गई। स्वीप संगोष्ठी में बताया गया कि देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने भयमुक्त एवं बिना किसी लालच के अपने मताधिकार का उपयोग करें। संगोष्ठी में किसानों और नागरिकों को बताया गया कि लोकतंत्र में मजबूती का आधार सिर्फ मतदान होता है। 26 अप्रैल 2024 को नागरिकों को मतदान केन्द्र में जाकर मतदान करने हेतु अपने परिवार के सदस्यों, पड़ोसियों एवं रिश्तेदार को मतदान करने के लिए प्रेरित करने कहा गया। इस अवसर पर सभी ग्रामीणों एवं किसानों ने मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार और कर्तव्य का पालन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय, उप आयुक्त सहकारिता विभाग शिल्पा अग्रवाल, अनुविभागीय कृषि अधिकारी संतलाल देशलहरे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बीके गणवीर तथा सेवा सहकारी समिति के शाखा प्रबंधक एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# बस्तर विकास के लिए दें भाजपा को वोट : महेश कश्यप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** बस्तर लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी लगातार अपनी ताकत झोंक रही है। बीजेपी के स्टार प्रचारक प्रतिदिन बस्तर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न भागों का दौरा कर रहे हैं। बुधवार को केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने बस्तर लोकसभा सीट से प्रत्याशी महेश कश्यप के साथ बस्तर के करमरी, मोंगरापाल, मूली, करपावंड, मंगनार, नारावंड व बनियागांव सहित अन्य गांवों में सघन जनसंपर्क और प्रचार किया।

इस दौरान हुई सभाओं में मंत्री रामविचार नेताम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस एक डूबती नाव है, जिसका कोई भविष्य नहीं है, इसलिए कांग्रेस के नेता पार्टी छोड़कर अन्य पार्टियों में शामिल रहे हैं। मंत्री नेताम ने कहा कि देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में निरंतर आम जनता और वंचित वर्ग के हित में कार्य कर रहे हैं। चाहे वह धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि की बात हो या महतारी वंदन के तहत महिलाओं को 1000 रु उनके खाते में प्रदान करने की बात हो। मंत्री नेताम ने कहा कि मोदी की गांरटी के तहत तेंदूपत्ता की राशि 5500 रू. प्रति मानक बोरा प्रदान की जा रही है। उन्होंने चरण पादुका योजना दोबारा शुरू करने की बात कहते हुए कहा कि बस्तर में सड़कों का जाल बिछाने का काम देश के प्रधानमंत्री द्वारा किया गया है। बस्तर को उड़ान सेवा की सुविधा मोदी सरकार ने दी है।हमारे प्रत्याशी को जिताना है ओर प्रधानमंत्री मोदी जी को बनाना है।

दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी ने कहा कि इस बार हमें महेश कश्यप को जिताकर लोकसभा में भेजना है। प्रधानमंत्री आवास, घर घर शौचालय, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना के तहत गैस वितरण प्रधानमंत्री मोदी की देन है।

# प्रश्नपत्र की गोपनीयता पूर्णतः बनी हुई - जिला शिक्षा अधिकारी

**राजनांदगांव।** जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने बताया कि जिले की सभी शासकीय विद्यालयों में कक्षा पहलीं से आठवीं तक 1 से 8 अप्रैल 2024 तक वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधान पाठकों को खुला प्रश्न पत्र मिलने के संबंध में सूचना मिलने पर तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। संकुल समन्वयक एवं संकुल के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों व शिक्षकों की उपस्थिति में मामले की समक्ष उपस्थिति में जांच की गई। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि प्रश्नपत्र की गोपनीयता पूर्णतः बनी हुई है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संबंधित संकुल समन्वयक को चेतावनी पत्र जारी किया गया है। जिले में पूर्व निर्धारित समय-सारणी अनुसार स्थानीय वार्षिक परीक्षा संपन्न की जाएगी।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़

## 13 माओवादियों के शव बरामद, पांच की पहचान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र के कोरचोली व लेंड्रा के जंगल में बीते दिनों हुई जबरदस्त मुठभेड़ में पुलिस ने 3 महिला समेत 13 नक्सलियों को मार गिराया हैं। वही घटनास्थल से पुलिस ने एलएमजी, 303 रायफल, बीजीएल लांचर एवं भारी मात्रा विस्फोटक सामान के साथ नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। हालांकि मारे गए नक्सलियों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में चलाए जा रहे नक्सली विरोधी अभियान के तहत सोमवार को नक्सलियों की पीएलजीए कंपनी नम्बर 2 कमांडर वेल्ला, गंगालूर एरिया कमेटी सचिव दिनेश मोडियम व अन्य 70 से 100 सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी बस्तर

फाइटर एसटीएफ कोबरा 210, 205, 202 व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी अभियान पर निकली हुई थी।

सर्च अभियान के दौरान मंगलवार की तड़के 6 बजे कोरचोली व लेंड्रा के जंगल में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। करीब 12 घण्टे चली मुठभेड़ थमने के बाद सर्चिंग में 3 महिला समेत 13 नक्सलियों के शव व हथियार 1 नग 7.62 एलएमजी -58 राउंड, 1 नग 303 रायफल -39 राउंड, 12

1) सुखराम हेमला , PPCM ( ACM Rank) - PLGA , कंपनी 2
2) हूंगा परसी , PLGA , कंपनी 2
3) हूँगा कुंजाम, PLGA , कंपनी 2
4) सीतक्का (DVCM जितरू की पत्नी), PLGA , कंपनी 2
5 ) दुला सोनु , PLGA, कम्पनी 2

बोर सिंगल शॉट 1 नग, बीजीएल लांचर 3 नग - 17 सेल, एयर गन 2 नग, विस्फोटक - हेण्ड ग्रेनेड 1, यूबीजीएल सेल 1, टिफिन बम 7 नग, जिलेटिन स्टीक कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटर, इलेक्ट्रिक वायर, उपकरण -लेपटॉप, डीव्हीडी राईटर, वॉकीटॉकी व नक्सली वर्दी, पिट्ठू, सोलर प्लेट, नक्सली प्रचार प्रसार की सामग्री नक्सली साहित्य व रोजमर्रा के सामान बरामद किया गया हैं।



### मारे नक्सलियों की हुई शिनाख्त

अब तक पांच नक्सलियों के शवों की शिनाख्त हो गई है। मुठभेड़ के पश्चात घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान तीन महिला माओवादी सहित कुल 13 माओवादियों के शव बरामद किए गए। अब तक कुल 13 माओवादियों के शव में से पांच की पहचान हो गई है। पुलिस की माने तो अन्य आठ माओवादियों के शव की शिनाख्तगी की कार्रवाई जारी है।

## खास खबर

### अवैध शराब बेचने वाली महिला गिरफ्तार

**रायपुर।** नशे के विरुद्ध रायपुर पुलिस के निजात अभियान के तहत नशे के सौदागरों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में रायपुर की खमतराई थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाली एक महिला को गिरफ्तार कर 45 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की है। आरोपी के खिलाफथाने में आबकरी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार 3 अप्रैल को थाना खमतराई पुलिस को मूखबीर से सूचना प्राप्त हुई की बंजारी नगर रावांभाठा में एक महिला अवैध रूप से शराब बिकी कर रही है। मुखबीर के बताये स्थान पर दबिश देने पर एक महिला को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जो अपने घर के सामने एक सफेद रंग की बोरी में देशी प्लेन शराब लेकर बिक्री करते मिला। नाम पता पूछने पर अपना नाम साहिदा बेगम पति स्व.लाल बाबू उम्र-42 वर्ष निवासी बंजारी नगर रावांभाठा थाना खमतराई जिला रायपुर बतायी। आरोपियां के कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में रखे 45 नग देशी प्लेन शराब कीमती 3,600 रू एवं शराब बिकी रकम 1,000 रू. कुल जुमला कीमती 4,600 रू को जप्त कर थाना खमतराई में अपराध कमांक 312/24 धारा 34 (2) आबकरी एक्ट पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

### बहुचर्चित सेक्स रैकेट व हनी ट्रैप मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

**बलौदा बाजार।** जिले के बहुचर्चित सेक्स रैकेट और हनी ट्रैप मामले में कोतवाली पुलिस को आज गिरोह के 3 प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस ने मुख्य आरोपी दुर्गा टंडन और प्रत्युष उर्फ मोंटी मरैया को बनारस से गिरफ्तार किया वहीं, आरोपी रवीना टंडन को बिलासपुर से गिरफ्तार किया है।

बता दें कि यह गिरोह बीते एक साल से बलौदा बाजार शहर के रहीस और बड़े व्यापारी को अपने जाल में कालगर्ल को उनके पास भेजकर उनकी फोटों और वीडियो बना लेते थे, जिसके एवज में ब्लैकमेलिंग कर मोटी रकम वसूल कर लेते थे। आरोपियों के लगातार ब्लैक मेलिंग से परेशान करीब 4 लोगों ने पुलिस में जाकर शिकायत की तब जाकर इस पूरे मामले का खुलासा हुआ। 2 दिन पहले इस मामले में बलौदा बाजार के वकील महान मिश्रा की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इस तरह इस पूरे मामले में गिरोह के 4 लोगो की गिरफ्तारी की गई है। मामले का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी ने बताया कि अब तक 4 पीड़ितों से गिरोह ने ब्लैकमेलिंग कर करीब 41लाख रुपए वसूले हैं। वही, इस गिरोह में मास्टर माइंड शिरीष पांडे, पुष्पा फेकर और फर्जी पत्रकार आशीष शुक्ला अब तक फरार है जिसकी तलाश लगातार पुलिस कर रही है।

### गांजा के साथ मोईन गिरफ्तार

**रायपुर।** नशे के खिलाफ चल रहे निजात अभियान के तहत रायपुर की एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम ने 2 किलो गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ गोलबाजार थाना में नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई हुई है।

दरअसल 3 अप्रैल को एण्टी क्राईम एण्ड

साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत दाई कोरा भवन के पीछे एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री के फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गोलबाजार को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गोलबाजार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर आरोपी मो. मोईन पिता स्व. मो. नसरूद्दीन 42 साल, निवासी बाजार पारा थाना तेलीबांधा रायपुर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम मोह. मोईन निवासी तेलीबांधा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी मोह. मोईन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 किलो 860 ग्राम गांजा जुमला कीमती लगभग 20,000/- रुपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गोलबाजार में अपराध क्रमांक 137/2024 धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

# लाखों की चोरी करने वाला मास्टर अपने 2 साथियों सहित गिरफ्तार

**रायपुर।** सूने मकान में चोरी की घटना को अंजाम देने वाला शातिर चोर विनाशक देवार उर्फ मास्टर और उसके 2 साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनो चोरों ने थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्रान्तर्गत कुकरेजा फार्महाउस पास स्थित मकान को अपना निशाना बनाया था और वहां से लाखों के गहने और नकदी पार कर दिए थे। आरोपी विनाशक देवार उर्फ मास्टर है शातिर चोर है जिसके विरूद्ध नकबजनी, लूट एवं चोरी के प्रकरण है दर्ज जिनमें वह जेल भी जा चुका है। वहीं आरोपी भूपेन्द्र साहू के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में नकबजनी, मारपीट तथा जिला बिलासपुर के हिर्री में चोरी के प्रकरण है दर्ज जिनमें वह जेल निरूद्ध रह चुका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनो चोरों ने 25 से 27 मार्च के बीच महावीर नगर निवासी सूरज प्रेमचंदानी के मकान को निशाना बनाया था। इस दौरान मकान मालिक और उसका परिवार शहर से बाहर थे। चोरों ने उनके घर से नगदी रकम तथा सोने चांदी के जेवरात-सिक्के पार कर दिए थे। नही था। मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में अपराध क्रमांक 163/24 धारा 457, 380, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन कर अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गए द्य तरीका वारदात के आधार पर नकबजनी/चोरी के प्रकरणों के पुराने आरोपियों के संबंध में पतासाजी करने के साथ ही हाल ही में जेल से रिहा हुए अपराधियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के

### गिरफ्तार आरोपी

विनाशक देवार उर्फ मास्टर पिता गब्बर दीवार उम्र 21 साल शीतला मंदिर लालपुर देवार डेरा थाना टिकरापारा। भूपेंद्र साहू पिता लतेलू साहू उम्र 19 साल सा ग्राम भैसा थाना खरोरा जिला रायपुर। अभिषेक धृतलहरे पिता रूप चंद्र धृतलहरे उम्र 20 साल सा हाल गांधी नगर पेट्रोल पंप के पास किराए पर पटेल का घर अमलीडीह थाना राजेंद्रनगर स्थाई पता ग्राम सोढ़ार पोस्ट हथनी कला थाना जरहा गांव जिला मुंगेली।

### इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र ताम्रकार थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर, निरीक्षक परेश पाण्डेय प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से सउनि किशोर सेठ, प्र.आर. कृपासिंधु पटेल, उपेन्द्र यादव, प्रमोद वर्टी, आर. दिलीप जांगड़े, प्रमोद बेहरा, केशव सिन्हा, संतोष सिन्हा, हिमांशु राठौर, टिकम साहू, लालेश नायक, म.आर. बबिता देवांगन तथा थाना न्यू राजेन्द्र नगर से उनि लकेश गंगेश, आर. अमित यादव, प्रमोद चंदेल, विश्वनाथ मरावी, विमलेश मालाकर तथा विजय भास्कर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सदस्यों को जानकारी प्राप्त हुई की टिकरापारा निवासी विनाशक देवार उर्फ मास्टर जो पूर्व में भी नकबजनी/चोरी के प्रकरण में जेल निरूद्ध रह चुका है, को अन्य व्यक्तियों के साथ घटना स्थल के पास संदिग्ध अवस्था में देखा गया था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा विनाशक देवार उर्फ मास्टर की पतासाजी कर पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर विनाशक देवार द्वारा अपने साथी भूपेन्द्र साहू एवं अभिषेक धृतलहरे के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को कारित करना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त भूपेन्द्र साहू एवं अभिषेक धृतलहरे की भी पतासाजी कर पकड़ा गया।

सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने के जेवरात वजनी लगभग 50 ग्राम, चोदी के जेवरात वजनी लगभग 240 ग्राम, नगदी रकम 25,000/-रूपये एवं घटना में प्रयुक्त 02 नग दोपहिया वाहन जुमला कीमती लगभग 6,50,000/- रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है। आरोपी विनाशक देवार उर्फ मास्टर पूर्व में भी नकबजनी, लूट, एवं चोरी के प्रकरण में जेल निरूद्ध रह चुका है तथा आरोपी भूपेन्द्र साहू के विरूद्ध थाना राजेन्द्र नगर में पूर्व में नकबजनी, मारपीट तथा बिलासपुर हिर्री में चोरी के प्रकरण दर्ज है जिनमें आरोपी जेल निरूद्ध रह चुका है।

# लोकसभा चुनाव से पहले जिला बदर होंगे ढाई दर्जन से ज्यादा बदमाश

## एसएसपी कार्यालय ने गुंडा-बदमाशों की सूची जिला दंडाधिकारी के पास भेजी

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस प्रशासन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने की बात कह रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को एसएसपी ने सभी थानों के टीआई के साथ राजपत्रित पुलिस अफसरों की बैठक ली। बैठक दोपहर दो बजे से देर शाम तक जारी रही। इसी कड़ी में आदतन बदमाशों के खिलाफजिलाबदर की कार्रवाई करने एसएसपी कार्यालय ने 29 गुंडा, बदमाशों की सूची जिला दंडाधिकारी के पास भेजी है।

एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक, उनकी प्राथमिकता जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना है। इसके लिए मादक पदार्थ की अवैध खरीद बिक्री करने वालों के खिलाफसख्ती से कार्रवाई करना है। इसके लिए निजात अभियान चलाया जा रहा है। अफसर के अनुसार जिले में क्राइम का ग्राफकम करने के लिए बदमाशों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही जिले के ऐसे फरार वारंटी जो दूसरे जिले में जाकर छिपे हैं, उनके बारे में जानकारी जुटाकर चुनाव के पूर्व गिरफ्तारी करना है।

### जिलाबदर की सूची में कई रसूखदार

जिलाबदर की सूची में इस बार कई रसूखदार बदमाश भी शामिल है, जो सट्टा संचालित करने के साथ अपने गुर्गों के माध्यम से गांजा सहित अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री करने का काम करते हैं। अफसर ने ऐसे सफेदपोश बदमाशों के खिलाफ भी जिलाबदर कार्रवाई करने की बात कही।

### आधा दर्जन के खिलाफजिलाबदर फाइनल स्टेज पर

एसएसपी के मुताबिक जिन 29 बदमाशों के खिलाफजिलाबदर की अनुसंशा की गई है, उनमें से आधा दर्जन बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई फाइनल स्टेज पर पहुंच गई है। चिन्हांकित बदमाशों के खिलाफ एसएसपी ने जल्द ही जिलाबदर की कार्रवाई करने की बात कही।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर ही हुई मौत; जांच में जुटी पुलिस

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर चांपा जिले के एनएच 49 पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक पर सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सियाराम यादव (58) वर्ष निवासी पीथमपुर के रूप में की गई है। वह अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर लौट रहा था। अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है घटना।

जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह सियाराम यादव अपने घर से सामाजिक बैठक में जाने की बात कहते हुए घर से निकाला था। वह अपने अन्य साथी के साथ बैठक के बाद अंतिम संस्कार में भी शामिल होने गया हुआ था। जहां से वह अपने घर वापस आ रहा था। वह जैसे ही शाम करीब 7.30 बजे के एनएच 49 पीथमपुर के पास पहुंचा। उसी समय पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी और अपनी चपेट में लेते हुए कुचला दिया। जिससे सिर पर गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। परिजनों को सूचना मिलने पर मौके पर वह पहुंचे और चक्का जाम करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पुलिस ने 236 नग स्पास्मों टेबलेट व एक चाकू की जब्त

# प्रतिबंधित नशीली टेबलेट की अवैध ब्रिकी करते दो पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी की खमतराई थाना पुलिस तथा एंटी क्राईम एंड साईबर यूनिट ने अवैध रूप से नशीली टेबलेट का विक्रय कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 236 नग स्पास्मों टेबलेट तथा एक चाकू भी जब्त किया है।

बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा नशे के विरूद्ध निजात अभियान के तहत रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नार्कोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई की थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत रावांभाठा बंजारी नगर पास दोपहिया वाहन सवार दो व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखे है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस

अधीक्षक शहर लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक उरला मणीशंकर चंद्रा तथा उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खमतराई पुलिस की संयुक्त टीम को आरोपियों को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खमतराई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये दोपहिया वाहन एवं हुलिये के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पतासाजी कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम रिक्की उर्फ विकास नायक तथा मोनू उर्फ रमेश देवदास निवासी खमतराई रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा दोपहिया वाहन की चेकिंग करने पर वाहन में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पास्मों तथा चाकू रखा होना पाया गया। टीम के सदस्यो द्वारा प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखेन/बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेजों की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करते हुए लगातार टीम के सदस्यों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 236 नग स्पास्मों प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, 1 चाकू तथा घटना में प्रयुक्त 1 दोपहिया वाहन जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 22 (ख) नारकोटिक एक्ट एवं 25 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### एग्जिट पोल पर निर्वाचन आयोग का प्रतिबंध स्वागतयोग्य

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को एक्स पर ट्वीट करके धन्यवाद दिया है देश की जनता को निर्वाचन आयोग का आज का निर्णय काफी दिनों से महसूस कर रही थी कि निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तारीख मतदान का समयसीमा निर्धारित करने के बाद भी देश की मीडिया, समाचार पत्रों द्वारा अपने तौर-तरिके से देश के राजनितिक दलों की स्थिति समाचार पत्रों एवं इलेक्टॉनिक मीडिया के माध्यम से वर्तमान पार्टियों की राजनीतिक स्थितियों को समाचार पत्रों एवं इलेक्टॉनिक मीडिया में प्रकाशित किया जाता था इससे निश्चित तौर पर आम जनता भ्रम की स्थिति पैदा होती थी एवं सोच में परिवर्तन आ जाता इसे रोकने के लिए और निष्पक्ष चुनाव की दृष्टिकोण को मदेनंजर रखते हुए भारत मुख्य निर्वाचन आयोग लोकसभा 2024 नई दिल्ली लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 (क) (ख) के तहत 19 अप्रैल (शुक्रवार) को प्रात: 7 बजे से 1 जून (शनिवार) को संध्या 6:30 के बीच की अवधि को निर्गम मत सर्वेक्षण हेतु प्रतिबंध अधिसूचित किया गया है इस दौरान कोई भी व्यक्ति उपरोक्त निधारित कलावधि के दौरान कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेंगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसे अवधि के समय प्रिंट, इलेक्टॉनिक मीडिया, चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा, न ही इसके माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी प्रकार की अन्य रीति में प्रसार नहीं करेंगा।

### आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन के समय में किया गया परिवर्तन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के आदेशानुसार कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकाल अवधि 8 अप्रैल 2024 से 15 जून 2024 तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय 06 घंटे से घटाकर 04 घंटे किया गया है। ग्रीष्मकाल उपरांत 16 जून 2024 से पुन: आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन सुबह 9.30 से 3.30 तक 6 घंटे के लिए किया जाएगा।

### राजनैतिक दलों के सभा, जुलूस एवं रैली के अनुमति हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराये जाने हेतु राजनैतिक दलों के सभा/जुलूस/रैली के लिए अनुमति प्रदाय करने के लिए अधिकारियों को विधानसभावार नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया है। मिली जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन के नोडल अधिकारी आशीष बंछोर अनु. अधिकारी पुलिस पाटन एवं पर्यवेक्षण अधिकारी वेदव्रत सिरमौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण होंगे। विधानसभा क्षेत्र 63 दुर्ग ग्रामीण के नोडल अधिकारी विनोद कुमार मिंज उप पुलिस अधीक्षक, अजाक एवं पर्यवेक्षण अधिकारी वेदव्रत सिरमौर अतिरिक्त पुलिस अधिकारी ग्रामीण (थाना उतई, अण्डा) और अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग (थाना दुर्ग, पद्मनाभपुर, पुलगांव) होंगे। विधानसभा क्षेत्र 64 दुर्ग शहर के नोडल अधिकारी चिराग जैन नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग को, विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर के नोडल अधिकारी सत्यप्रकाश तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर एवं पर्यवेक्षण अधिकारी सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर होंगे।

# भिलाई के दो बार में लगा ताला

## नियमों का उल्लंघन पर विधायक रिकेश ने दी थी चेतावनी, अब हुई कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में तय नियमों और मापदंड की अवहेलना करने वाले बार के लिए खतरे की घंटी बज चुकी है। सूर्या टीआई मॉल में संचालित लेस्टोमेनिया और कोहका में अवंती बाई चौक का चेरिएट बार का लायसेंस अप्रैल से आबकारी विभाग ने नवीनीकृत करने से इंकार कर दिया है। इसके साथ ही इन दोनों बार में अब ताला लग गया है।

बता दें कि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने फरवरी महीने में ही नीति नियमों की अवहेलना कर बार के भीतर कई अनैतिक गतिविधियों और अन्य नशा परोसने वाले बार संचालकों को हिदायत दी थी कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे बार संचालक अपने क्रियाकलाप सही कर लें वरना उनका लायसेंस रिनिवल नहीं होगा और ऐसे बार पर ताला लगेगा। नतीजतन चिन्हित ऐसे सभी बार के लायसेंस का नवीनीकरण टेढ़ी खीर साबित हुआ है।

### पिछली सरकार नहीं कर रही थी कार्रवाई

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के सुपेला, राम नगर, कोहका, जुनवानी, पावर हाऊस में कई बार संचालित हैं, इसके आलावा कई बड़े होटल भी लायसेंस लेकर शराब परोसते रहे हैं। इनमें कुछ ऐसे भी हैं जिनमें शराब के आलावा ड्रग्स सहित कई प्रकार के नशा भी मुहैया कराया जाता रहा है। ऐसे बार लायसेंस धारक एफएल लायसेंस में तय नीति नियमों की धज्जियां उड़ाते रहे हैं, इनके खिलाफ पिछली सरकार में अनेक शिकायतें होने के बाद भी कार्रवाई नहीं होती थी। अब ऐसे चिन्हित बार का लायसेंस आगामी तीन वर्ष तक रिनिवल नहीं होगा फिलहाल दो बार के लायसेंस रिनीवल नहीं हुए हैं और ऐसे ही कुछ और बार पर कार्रवाई होगी।

### कई बार पड़ा छापा

सूर्या टीआई मॉल के लिस्टमेनिया में अनेक बार छापा पड़ा लेकिन यहां हर बार नियमों की अवहेलना मिली। पूर्व सरकार में कुछ लोगों का सपोर्ट होने से इस बार के खिलाफठोस कार्रवाई नहीं हो सकी परिणाम स्वरूप यह बार मनमाने ढंग से संचालित होता रहा। कोहका स्थित चेरिओट बार के समीप ही कई शैक्षणिक संस्थाएं थीं और बार से लगे रानी अवंती बाई चौक पर रात में शराबियों की धमाचौकड़ी और गाली गलौज जगजाहिर था। विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा में भी ऐसे चिन्हित बार की सूची मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सौंपी थी।

### नियम विरुद्ध संचालन पर होगी कार्रवाई

जिन बार के खिलाफअनेक बार देर रात मारपीट सहित नियम विरुद्ध संचालन की शिकायतें हुईं, ऐसे लोग न तो समय पर बार बंद करते हैं और न ही नियमों का पालन करते हैं। इनमें शराब के आलावा ड्रग्स पार्टी, विभिन्न तरह के नशीले पदार्थों की उपलब्धता रही है। ऐसे प्रतिष्ठान वैशाली नगर की शांति के लिए लगातार खतरा रहे हैं और अब विष्णुदेव सरकार में इनकी तानाशाही पर न केवल अंकुश लगेगा बल्कि इनको बंद करते हुए लायसेंस रिनिवल नहीं किया जाएगा। अब ऐसे लोगों की जोर जबरदस्ती खत्म होगी, ताला लगेगा, लायसेंस सस्पेंड होगा, रिनिवल नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि अभी और कई बार रिनीवल की कतार में फंसेंगे।

## बीआरएम ने वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर रचा नया कीर्तिमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स युनिट, बार एवं राड मिल ने वित्त वर्ष 2023-24 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज कर अपनी मापित क्षमता 0.9 मिलियन टन को पार करने के साथ ही वार्षिक उत्पादन लक्ष्य 0.975 मिलियन टन को प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्नत स्वचालन और अत्याधुनिक नियंत्रण प्रणालियों से सुसज्जित बार एवं रॉड मिल ने वार्षिक उत्पादन के इस अत्यंत चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को विभाग की टीम के सामूहिक प्रयास से प्राप्त किया।

इसके साथ ही बार एवं रॉड मिल की ऊर्जावान टीम ने 30 मार्च 2024 को दैनिक व पाली कीर्तिमान भी स्थापित किया। 30 मार्च 2024 को रात्रि पाली में 20 एमएम टीएमटी बार में 1432 टन (695 बिलेट्स) का उत्पादन कर नया पाली कीर्तिमान रचा तथा 20 एमएम टीएमटी बार में ही 3790 टन (1840 बिलेट्स) का उत्पादन कर नया दैनिक कीर्तिमान भी बनाया। बार एवं राड मिल ने उत्पादकता और उत्कृष्टता की अपनी इस यात्रा में कई मील के पत्थर पार किए हैं। व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रयोग हेतु अनेक चुनौतीपूर्ण प्रोफाइल रोलिंग कर अपनी उत्पादों की श्रृंखला को लगातार समृद्ध किया है। विभागाध्यक्ष शांतनु कुमार बेहरा ने इस सफलता का श्रेय कर्मचारियों के समर्पण और टीमवर्क को देते हुए कहा कि कार्यक्षेत्र में नवीनता, संसाधनों का बेहतर उपयोग तथा उच्चतम स्तर के सुरक्षा मानकों के अनुपालन के फलस्वरूप ही यह उपलब्धियां संभव हुई हैं। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नया कीर्तिमान स्थापित करने के लिए बीआरएम बिरादरी, सभी सहयोगी विभागों और शॉप्स को बधाई दी।

## रेण्डमाईजेशन से संबंधित बैठक संपन्न

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत रेण्डमाईजेशन से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, एआरओ हरवंश मिरी, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, एसडीएम पाटन दीपक निकुंज एवं डिप्टी कलेक्टर लवकेश ध्रुव उपस्थित रहें।

## होली मिलन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बघेल को लीड दिलाने का दोहराया संकल्प

**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा के बैकुंठधाम प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी कैम्प मंडल के होली मिलन समारोह में विधायक रिकेश सेन ने मोदी की गारंटी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक विजय हासिल कर 400 से ज्यादा सीटें हासिल करेगी। दुर्ग लोकसभा से हमारे लाडले प्रत्याशी विजय बघेल को वैशाली नगर विधानसभा से 1 लाख से अधिक रिकार्ड मतों से विजयी बनाएंगे। उन्होंने बताया कि आज छत्तीसगढ़ की माता बहनों को महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त भी खातों में आ गई है। भाजपा कार्यकर्ता कभी घर में नहीं बैठता, नई ऊर्जा और उत्साह के साथ वो जनहित में लोगों के घर-घर पहुंच उनको विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए, उन्हें लाभान्वित करते हुए मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान कर रहे हैं। समारोह में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को बड़ी लीड दिलाने का संकल्प दोहराया।

## शुद्ध पेयजल प्रदान करने जिला प्रशासन को गेल सीएसआर मद से मिले 25 लाख रुपए

### कलेक्टर चौधरी को गेल इंडिया के महाप्रबंधक ने सौंपा चैक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से गेल (इंडिया) के महाप्रबंधक नजीब कुरैशी ने मुलाकात की। गेल (इंडिया) लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस कंपनी है और एशिया में शीर्ष गैस उत्पादकों में से एक है। यह एक महारत्न कंपनी है जो व्यवसायिक गतिविधियां जैसे गैस प्रोसेसिंग एवं तरलीकृत पेट्रोकेमिकल्स के उत्पादन और विपणन का कार्य करती है।

देश के कई राज्यों के आर्थिक विकास में गेल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके तहत राज्य के प्रमुख जिलों एवं शहरों को ट्रंक लाइन से जोड़ा जा रहा है जिससे औद्योगिक वाहनों और घरेलू खपत के लिए प्राकृतिक गैस की पंहुच को आगे बढ़ाया जा सकेगा। इसी कड़ी में दुर्ग जिले में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल प्रदान करने के उद्देश्य से गेल (नागपुर-रायपुर-झाड़सूगुडा) पाइपलाइन के अन्तर्गत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.) के तहत 21 ग्रामों के स्कूल, अस्पताल, पंचायत भवन एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में परियोजना संचालित की जा रही है। जिसके लिए गेल (इंडिया) के महाप्रबंधक नजीब कुरैशी ने 50 लाख की परियोजना में पहली किस्त स्वरूप 25 लाख रूपए की राशि कलेक्टर चौधरी को प्रदान की। इस दौरान बाला चंद्रा उप महाप्रबंधक गेल (इंडिया) लिमिटेड एवं सौरभ सिंह मुख्य प्रबंधक गेल (इंडिया) लिमिटेड मौजूद थे।

## हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में नये शिक्षा सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति होगी लागू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लिये गये निर्णयानुसार समूचे छत्तीसगढ़ प्रदेष में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने जा रही है। शासन के आदेष के परिपालन में हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग में भी राष्ट्रीय षिक्षा नीति 2020 नये षिक्षण सत्र से लागू किया जाना है।

यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा लगातार विष्वविद्यालय के अधिकारियों की बैठक लेकर आवष्यक दिश-निर्देश दे रही हैं। राज्य शासन द्वारा राज्य स्तर पर गठित समितियों ने विष्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा, कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव एवं सहायक कुलसचिव, डॉ. सुमित अग्रवाल को शामिल किया गया है।

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि राज्यषासन के मंषा के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं को विष्वविद्यालय से जुड़े समस्त प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों को अवगत कराने हेतु विश्वविद्यालय स्तर, संभाग स्तर, जिला स्तर तथा महाविद्यालय स्तर पर अनेक कार्यषाला एवं सेमीनार ऑनलाईन तथा ऑफलाईन रूप से आयोजित किये जायेंगे। जिससे राष्ट्रीय षिक्षा नीति 2020 से संबंधित किसी भी बिन्दु पर कोई शंका न रहे।

अधिकारियों की बैठक में राष्ट्रीय षिक्षा नीति 2020 को छात्रहित में अत्यंत लाभकारी बताते हुए कुलपति, डॉ. पल्टा ने कहा कि इसमें विद्यार्थी को अपने रूचि के अनुसार विषय चयन करने की सुविधा है तथा उसे मूल्यपरक षिक्षा एवं कौषल विकास का भी अवसर प्राप्त होगा। वर्तमान में राज्यषासन राष्ट्रीय षिक्षा नीति 2020 के अनुरूप स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम निर्माण की तैयारी कर रहा है। जिसे केन्द्रीय अध्ययन मंडल में विचार-विमर्ष के पश्चात् अनुमोदित किया जायेगा। डॉ. पल्टा के अनुसार राष्ट्रीय षिक्षा नीति 2020 में यह भी सुविधा है कि यदि कोई विद्यार्थी किसी कारणवष एक वर्ष के पश्चात् अध्ययन बंद कर देता है तो उसे सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा। दो वर्ष के अध्ययन के बाद अध्ययन में व्यवधान आने पर विद्यार्थी को डिप्लोमा प्रमाणपत्र प्राप्त होगा। इसके अलावा स्नातक स्तर पर चार वर्षीय पाठ्यक्रम भी संचालित किया जायेगा। इस पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में शोध कार्य से संबंधित जानकारी प्रदान की जायेगी।

डॉ. पल्टा ने बताया कि राज्यषासन द्वारा गठित विषयवार पाठ्यक्रम निर्माण समितियों में हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग से अनेक वरिष्ठ प्राध्यापकों को भी शामिल किया गया है। डॉ. पल्टा ने कहा कि राष्ट्रीय षिक्षा नीति 2020 के संबंध में वें शीघ्र प्राचार्यों की बैठक लेकर उन्हें जानकारी प्रदान करेंगी।

# वित्तीय वर्ष 2023-24 में सहकारी बैंक दुर्ग ने अर्जित किया 140.53 करोड़ का सकल लाभ

### यह बैंक ए ग्रेड में शामिल, कलेक्टर ने दी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी के मागदर्शन में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 140.54 करोड़ का सकल लाभ अर्जित किया, जो कि विगत वर्ष की तुलना में लगभग 40 करोड़ अधिक है। प्रदेश के अन्य सहकारी बैंकों की तुलना में दुर्ग बैंक का लाभ पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में सर्वाधिक है।

आज कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग चौधरी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.के. जोशी द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर बैंक के वित्तीय स्थिति की जानकारी दी गई।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में बैंक की अमानते 5971.69 करोड़ रहा। जिसमें 59.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई, ऋण वसूली (1499.54 करोड़) 83.23 प्रतिशत हुआ जिसमें गत वर्ष में 3.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई, साथ ही बैंक के एन.पी.ए. में 3.06 प्रतिशत की कमी हुआ, बैंक का सकल लाभ 140.54 करोड़ हुआ जो कि विगत वर्ष की तुलना में 39.86 प्रतिशत अधिक है इस प्रकार बैंक के सभी मदों में आर्थिक प्रगति हुई है। कलेक्टर चौधरी ने बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के साथ-साथ बैंक में कार्यरत समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा है कि सहकारी बैंक किसानों का बैंक है एवं उनकी सुविधाओं व उन्नति के लिए बैंक द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के सी.ई.ओ. जोशी ने बताया कि बैंक की महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही है कि अब यह बैंक 'ए' ग्रेड में आ गया है। पैक्स कम्प्यूटराईजेशन कार्य में भी आज की स्थिति में दुर्ग बैंक द्वारा 8 समिति को गो लाइव किया जाकर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

## सफाई कार्यों का आयुक्त ने किया अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** तान्दुला जलाशय से छोड़े जाने वाले पानी का तालाब भरन के दौरान बेतरतीब बहकर निचली बस्तीयों में जल जमाव की स्थिति न बने तथा आने वाले बरसात में बरसाती पानी का बहाव की निरंतरता को बनाये रखने के लिए सभी जोन क्षेत्र में नालियो की सफाई वृहद स्तर पर किया जा रहा है जिसका आयुक्त स्थल अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दे रहे है।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम के अधिकारी कर्मचारियो को समीक्षा बैठक में निर्देश दिये थे, कि 2 से 4 फिट चौड़े नाली तथा नालो की सफाई जे.सी.बी. का उपयोग कर गहराई से किया जाये। इसी तारतम्य में जोन-1 के स्मृति नगर, खम्हरिया, परियापारा, नेहरू नगर, संजय नगर, सुपेला, लक्ष्मीनगर, गदा चौक, जोन-2 के राजीव नगर, वैशालीनगर, शांति नगर, घासीदास नगर, कुरूद, गौरवपथ, पॉच रास्ता, सुपेला क्षेत्र, जोन-3 के शारदा पारा, नंदनी रोड, मदर टेरेसा नगर, बैकुण्ठधाम, सूर्यानगर, लिंक रोड, पावर हाउस, रविदास नगर, अर्जुन नगर, जोन-4 के खुर्सीपार, चंद्रशेखर आजाद नगर, बापू नगर, डबरा पारा, औद्योगिक क्षेत्र, छावनी एवं जोन-5 के हुड़को आदि क्षेत्रो के नाली एवं नालो का बरसात पूर्व सघन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। ताकि बरसाती पानी अथवा तालाब भरन के दौरान बेतरतीब बहने वाले पानी का जल जमाव न हो साथ ही आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा घनी आबादी क्षेत्र में मच्छर के रोकथाम के लिए मेलाथियान का छिड़काव किया जा रहा है। गढ़ढे में जमे पानी पर जला आईल का छिड़काव भी किया जा रहा है। नागरिको को शुद्ध पेयजल मिले इसके लिए सभी जोन क्षेत्र के 25-25 अलग स्थानो से पानी का नमूना लेकर जॉच किया जा रहा है । घर-घर क्लोरिन टेबलेट का वितरण भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का अमला डोर-टू-डोर सर्वे कर यह सुनिश्चित कर रहे है कि डायरिया, पीलिया जैसे जल जनित बिमारी से कोई पिड़ित तो नहीं है, जॉच में दुषित जल पाये जाने वाले क्षेत्र के पेयजल स्त्रोत का तत्काल उपाय किया जा रहा है। आयुक्त श्री ध्रुव प्रात: क्षेत्र भ्रमण कर कार्य का लगातार मानिटरिंग कर रहे है वे एस.एल.आर.एम. सेंटर में चल रहे कचरा पृथ्थकीकरण का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश भी दे रहे है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950